पर्यावरणीय तथा सामाजिक नीति एवं प्रक्रियाएं

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम

आमुख

बिजली सेवा पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हरियाणा के दक्षिण भाग के दस जिलों में बिजली वितरण की सेवा दे रहा है, जिसका पर्यावरण की स्वच्छता पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। किन्तु यह सेवा प्रदेश के विकास का आधार होने के कारण नितांत आवश्यक भी है। अपनी सामाजिक जिम्मेवारी को समझते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की नीति है कि स्वच्छ विकास मैकेनिज्म के माध्यम से बढ़ते प्रदूषण को रोकने का हर सम्भव प्रयास किया जाए।

बिजली वितरण क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत नये सब–स्टेशनों का निर्माण, अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों की स्थापना, नई वितरण लाईनें बिछाना आदि कार्य किए जाते हैं। इन विकासात्मक गतिविधियों का पर्यावरण की स्वच्छता पर प्रभाव पड़ना सम्भव है। इसके अतिरिक्त दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम प्राकृतिक संसाधनों, प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्मारकों, संरचनाओं आदि के भावी पीढ़ी के लिए संरक्षण हेतु वचनबद्ध भी है। इसलिए निगम ने अपनी पर्यावरण तथा सामाजिक नीति एवं प्रक्रियाएं तैयार की हैं।

निगम के योजना एवं प्रारूप अनुभाग द्वारा अंग्रेजी भाषा में तैयार पर्यावरण तथा सामाजिक नीति एवं प्रक्रियाओं का हिंदी संस्करण इसके उद्देश्य को पूरी तरह समझने के लिए जरूरी है और यह विश्व बैंक प्राधिकरण को भी प्रेषित करना आवश्यक है।

इस पर्यावरण नीति का सरल भाषा में हिंदी अनुवाद कर श्री डी.पी.ढुल, चीफ कम्यूनिकेशनज ऑफिसर और हिंदी अनुवादक दलजीत सिंह और अभिषेक कुमार ने प्रशंसनीय कार्य किया है।

सभी योजना तैयार करने वाले अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी और योजनाओं के कार्यान्वयन में लगे कर्मचारियों को विशेष रूप से चाहिए कि इस पर्यावरण नीति का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा योजनाओं के कार्यान्वयन में इसके नियमों और विनियमों की अनुपालन करें। यदि विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन के कारण पर्यावरण को किसी प्रकार की हानि होती है तो उसकी पूर्ति के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाना चाहिए।

(मोहम्मद शाईन)
प्रबन्ध निदेशक,
द.ह.बि.वि.नि., हिसार।

- कार्यकारी सारांश
- द.ह.बि.वि.निगम की संक्षिप्त रुपरेखा
- नीति कूनन और विनियामक ढांचा
- सामाजिक ढांचे की पात्रता
- पर्यावरण और सामाजिक प्रबन्धन की प्रक्रियाएं
- संस्थागत ढांचा

अध्याय–1 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (द.ह.बि.वि.नि.) 14–27

11वीं पंचवर्षीय योजना के अर्न्तगत योजनात्मक गतिविधियां

1. 33 के.वी. सब–स्टेशनों, नई 33 के.वी. लाईनों और एच.टी. कैपिसटरों का निर्माण एवं संर्वधन।
2. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत 11 के.वी. फीडरों का द्विभाजन/त्रिभाजन, नये वितरक ट्रांसफार्मरों को एल.टी. लाईनों से जोड़ना, उपभोक्ता तथा वितरक ट्रांसफार्मरों की मीटरिंग कर एरियल बन्चड केबल प्रदान करना।
3. ग्रामीण घरेलू भार को ग्रामीण कृषि भार से अलग करना।
4. गांवों/शहरों तथा 11 के.वी. फीडरों को एच.वी.डी.एस. प्रदान करना।
5. क्षेत्र भार डिस्पैच केन्द्र/विभिन्न सब–स्टेशनों पर डी.ए.एस. प्रदान करना ।
6. फीडर मीटरिंग, प्रीपैड मीटरिंग।
7. मांग पक्ष प्रबन्धन

- उच्च दक्षता सीएफएल प्रकाश कार्यक्रम ।
- उच्च दक्षता सड़क प्रकाश कार्यक्रम।
- उच्च दक्षता लिफ्ट नहर सिंचाई कार्यक्रम।
- मोटर दक्षता कार्यक्रम।
- सिंचाई दक्षता कार्यक्रम।
- बिजली सुधार कार्यक्रम।
- आमरफॉस कोर ट्रांसफार्मर कार्यक्रम ।
- सौर ऊर्जा प्रगति कार्यक्रम।
- उपभोक्ता दक्षता जागरुकता कार्यक्रम।
- ऊर्जा लेखा परीक्षा कार्यक्रम।

8. नाबार्ड
9. ए.पी.डी.आर.पी.
10. स्वचालित वितरण प्रणाली–अग्रिम मीटरिंग।

11. 33/433 के.वी. प्रणाली प्रदान करना।

12. उपभोक्ता सेवा केन्द्र।

13. ए.टी. एण्ड सी. घाटों को कम करने के माप और उनसे प्राप्त निष्कर्ष।

14. सी.डी.एम.(स्वच्छ विकास प्रणाली) और डी.एस.एम. (मांग पक्ष प्रबन्धन)
सीएफएल परियोजना
डी.एस.एम. (मांग पक्ष प्रबन्धन)।

अध्याय–2 पर्यावरण तथा सामाजिक नीति और प्रक्रियाएं। 28–32

अध्याय–3 नीति, कानून और विनियामक ढांचा। 33–52

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की पर्यावरण आवश्कताओं को राज्य स्तर पर शामिल करना।

हरियाणा बिजली सुधार अधिनियम, 1997 एवं बिजली अधिनियम, 2003

वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980

पंक्तिबद्ध पथ

सही रास्ता

वन प्रस्ताव का सूत्रीकरण

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

हरियाणा सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्रों की घोषणा।

बैटरी (प्रबन्धन एवं रखरखाव) नियमावली, 2001

हानिकारक कचरे (प्रबन्धन एवं रखरखाव) संशोधित नियमावली, 2003

ओजोन निःशेषनीय पदार्थ (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली, 2000

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबधित कानून।

स्वास्थ्य एवं सुरक्षा आवश्यकताएं

निधि शाखाओं की पर्यावरण की आवश्यकता

निधि शाखाओं की आवश्यकता–सामाजिक

भूमि अर्जन प्रक्रिया

राष्ट्रीय पुर्नवास एवं पुर्नवास नीति, 2007

राष्ट्रीय पुर्नवास एवं पुर्नवास नीति के उद्देश्य इस प्रकार हैं।

भूमि अधिग्रहण बेदखली के लिए हरियाणा सरकार की पुर्नवास नीति।

अध्याय 4 सामाजिक अधिकार ढांचा 53–59

अध्याय 5 पर्यावरण और सामाजिक प्रबन्धन प्रक्रियाएं 60–69

परियोजना की परिकल्पना

योजित परियोजना

संचालन और रख–रखाव

परियोजना समीक्षा

परियोजना मंजूरी

अध्याय 6 संस्थागत ढ़ांचा। **70–143**

संगठनात्मक व्यवस्था

द.ह.बि.वि.निगम ने विभिन्न स्तर पर संगठन संरचना और दायित्व।

अध्यक्ष

प्रबन्ध निदेशक

अन्य निदेशक

मुख्य अभियन्ता (परिचालन), द.ह.बि.वि.निगम, हिसार।

मुख्य अभियन्ता (परिचालन), द.ह.बि.वि.निगम, दिल्ली।

मुख्यमहाप्रबन्धक /पी.डी.एण्ड.सी.।

मुख्यमहाप्रबन्धक/एम.एम.।

मुख्यलेखा अधिकारी।

मुख्यलेखा परीक्षक।

वित्तीय सलाहकार/मुख्यालय।

वित्तीय सलाहकार एवं मुख्यलेखा अधिकारी/एम.एम.।

महाप्रबन्धक/प्रशासन।

कम्पनी सचिव।

मुख्य संचार अधिकारी।

कानून शाखा।

चिकित्सा शाखा।

सतर्कता एवं सुरक्षा शाखाएं।

उपमहाप्रबन्धक/आई.टी.

उपमहाप्रबन्धक/मॉनिटरिंग।

सारणी

सारणी–1 सब–स्टेशनों की संख्या

सारणी–2 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अतिरिक्त क्षमता कार्यक्रम

सारणी–3 ए.टी. एण्ड. सी. घाटों (2011–12 तक) को कम करने का लक्ष्य

सारणी–4 ए.टी.एण्ड.सी.घाटे को कम करने की उपलब्धि

सारणी–5 कन्डक्टरों एवं वृक्षों के मध्य निकासी पंक्ति

सारणी–6 न्यूनतम निकासी

सारणी–7 निचले कन्डक्टरों की भूमि के ऊपर से निकासी

सारणी–8 अधिकतम लटक आधार पर ईमारतों से निर्धारित ऊर्ध्वाधर निकासी

सारणी–9 अधिकतम दबाव तथा हवा दबाव के कारण ईमारतों से क्षितिज निर्धारित निकासी

सारणी–10 अधिकतम लटक आधार पर इमारतों सेः– मीटरों तथा एक दूसरे रेखन के मध्य निर्धारित न्यूतनम निकासी

सारणी–11 द.ह.बि.वि.निगम का सामाजिक अधिकारी ढांचा

सारणी–12 33 के.वी. एवं उपरोक्त विद्युत सब–स्टेशन तथा सम्बन्ध लाईन हेतु परियोजनाचक्र।

अनुलग्नक

अनुलग्नंक –1 विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948

अनुलग्नक –2 सब–स्टेशनों/लाईनों के निर्माण के लिए पर्यावरण चित्रपट का रुपरेखा का चयन करना

अनुलग्नक –3 वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अर्न्तगत प्रक्रिया का सरलीकरण

अनुलग्नक –4 वन प्रस्ताव रुपरेखा को सूत्रबंध करना

अनुलग्नक –5 पर्यावरण मूल्याकंन अधि सूचना, 1994 की निर्दिष्ठ परियोजना श्रेणियों के रुप में अनुसूची–1 में सूचीबद्ध

अनुलग्नक –6 परिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्रों की घोषणा

अनुलग्नक –7 बैटरी के पुनः चक्र के लिए वापिस फार्म भरना

अनुलग्नक –8 खराब तेल को पुनः इस्तेमाल और शोधन हेतु विनिर्देश

अनुलग्नक –9 प्रयोग किए हुए तेल के निपटान हेतु आवेदन

अनुलग्नक –10 रख–रखाव कर्मचारियों के लिए करने और न करने योग्य हिदायत

अनुलग्नक –11पर्यावरण प्रबन्धन योजना

अनुलग्नक –12 ई.एण्ड.एस.प्रबन्धन और मूल्याकंन प्रक्रिया के लिए निर्धारित उत्तरदायित्व ढांचा

अनुलग्नक –13 द.ह.बि.वि.निगम का पदसोपान

कार्यकारी सांराश

0.1 हरियाणा 1 नवम्बर 1966 को भारत का एक नया राज्य बना। इसकी राजधानी चण्ड़ीगढ़ है, तब से हरियाणा ने भारत का सबसे समृद्ध राज्य बनने के लिए शानदार प्रगति की है। हरियाणा की भौगोलिक स्थिति राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के निकट है, और विकसित दूरसंचार और परिवहन व्यवस्था आर्थिक क्षेत्र की प्रमुख शक्ति है।

0.2 हरियाणा उत्तर भारत में स्थित एक छोटा सा राज्य है इसमें कुल 6759 गांव तथा 81 शहर व कस्बे हैं। राज्य को प्रशासनिक प्रयोजन हेतु चार मण्डलों अम्बाला, रोहतक, गुड़गांव तथा हिसार में विभाजित किया गया है। हरियाणा प्रदेश भारत के उत्तर–पश्चिम में 27^{0}39′ से 30^{0}55′ उत्तर अंक्षाश और 74^{0}28′ से 77^{0}36′ पूर्व रेखांश के मध्य स्थित है। इसके पूर्वी सीमा पर उत्तर प्रदेश (यू.पी.), पश्चिमी सीमा पर उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश और उत्तरी सीमा पर शिवालिक की पहाड़ियां तथा दक्षिणी सीमा पर दिल्ली,राजस्थान तथा अरावली की पहाड़ियां स्थित है। हरियाणा की समुद्र तक से ऊंचाई 700 फीट से 900 फीट के मध्य है, 1553 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र पर वन है।

0.3 भारत के उत्तरी मैदानों के राज्यों की तरह हरियाणा की जलवायु भी समान है। यहां गर्मियों में अत्यधिक गर्मी (उच्चतम 50^{0} सेल्सियस तक) तथा सर्दियों में अधिक सर्दी (1^{0} सेल्सियस तक) । मई और जून सबसे गर्म महीने तथा दिसम्बर और जनवरी अत्यधिक ठण्डे महीने रहते हैं। यहां वर्षा में विविधता है, शिवालिक पर्वतीय क्षेत्र में अधिक वर्षा तथ अरावली पर्वतीय क्षेत्र में सूखा रहता है लगभग 80 प्रतिशत वर्षा मानसून–सत्र (जुलाई–सितम्बर) में होती है, तथा कई बार इस कारण क्षेत्र में बाढ़ आ जाती है।

0.4 द.ह.बि.वि.नि, जिसका नाम दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम है। तत्कालीक हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड से बना है तथा यह हरियाणा के दक्षिण क्षेत्र में बिजली वितरण के लिए कार्य कर रहा है। वर्तमान में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 33 के.वी. स्तर के 147 सब–स्टेशनों, जो 1937.05 किलोमीटर लम्बाई की 33 के.वी. लाईनों तथा 1571.1 एम.वी.ए. क्षमता के 262 विद्युत ट्रांसफार्मरों से जुड़े हुए हैं तथा 37745.85 किलोमीटर की 11 के.वी. लाईन 52729.14 किलोमीटर की एल.टी. लाईन के साथ 5880144.5 के.वी.ए. क्षमता के 92536 वितरक ट्रांसफार्मरों के साथ जुड़ी है जो वितरण कम्पनी के भार आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

0.5 हरियाणा में पहले बिजली मांग की औसत वृद्धि दर 7 से 8 प्रतिशत थी। अब यह बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई जबकि कुछ क्षेत्रों जैसे गुडगांव तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में इस दर में 20 से 25 प्रतिशत के उच्च स्तर को छू लिया है। उपभोक्ताओं की अपेक्षा उनकी भुगतान क्षमता, आकांक्षाओं तथा उपभोक्ताओं के उपयोग हेतु उपलब्ध विद्युत उपकरण को देखते हुए यह वृद्धि दर पिछले कुछ वर्षो की अपेक्षा अधिक हो गई है।

0.6 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ऊर्जा भार वृद्धि तथा इसके समाधान हेतु दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का 3413.60 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से व्यापक वितरण विस्तार कार्यक्रम का प्रस्ताव है।

0.7 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम अपने (अधीन) नए सब–स्टेशनों का निर्माण अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों का प्रतिस्थापन, नई वितरण लाईनों का बिछाना, मौजूदा सब–स्टेशनों की लाईनों के अर्न्तसम्बन्ध का कार्य करेगा।

0.8 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम विकासात्मक गतिविधियों के साथ एक स्वच्छ पर्यावरण, पारिस्थितिक और स्थायी विकास प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं यहां पर सभी वितरण परियोजनाएं सुनिश्चित दिशानिर्देश के साथ योजित की जाती हैं। पर्यावरण तथा सामाजिक परिप्रेक्ष्य के प्रतिकूल प्रभाव के परिप्रेक्ष्य में विश्वसनीयता, सुरक्षा तथा अर्थ व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं करती। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम प्राकृतिक संसाधनों, प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्मारकों, संरचनाओं को भावी पीढ़ी के संरक्षण हेतु वचनबद्ध हैं।

0.9 तत्कालीक हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड ने 1997 में बिजली क्षेत्र में बहुपक्षीय अनुदान एजेंसियों के संचालन निर्देशों के अनुरुप पहली सामाजिक नीति और प्रक्रिया विकसित की थी।

0.10 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने सभी कार्पोरेट परम्पराओं को छोड़कर न्यूनतम तथा उन्नमूलन के साथ अब अपनी कार्पोरेट पर्यावरणीय तथा सामाजिक नीति विकसित कर ली है तथा इसकी पर्यावरण और सामाजिक आर्थिक मुद्दों पर बढ़ती प्रक्रियाओं (ई.एस.पी.पी.) को स्पष्ट करती है। ई.एस.पी.पी. रुपरेखा के अर्न्तगत दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का इसकी वितरण परियोजनाओं से सम्बन्धित पर्यावरणीय तथा सामाजिक मुद्दों के प्रति दृष्टिकोण प्रतिबद्धता स्पष्ट है तथा इनसे निपटने के लिए प्रबन्धन प्रक्रियाएं तथा कानून सामान है। संगठात्मक तथा परियोजना दोनों स्तरों पर पहचान, मूल्याकंन तथा सामाजिक प्रबन्धन सम्बन्धित ई.एस.एस.पी. ढांचे में सम्मिलित है।

0.11 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को विश्वास है कि ई.एस.एस.पी. एक ऊर्जावान व सदा रहने वाला दस्तावेज है जोकि राज्य के शासन में सामाजिक तथा पर्यावरणीय उन्नति में बदलाव करेगा तथा द.ह.बि.वि.नि.की परियोजनाओं तथा क्षेत्र कार्यान्वयन में प्राप्त अनुभवों में सुधार करेगा। यह सामूहिक कार्यान्वयन में मानवीय पहलू को प्रदान करने में विश्वास रखता है जबकि मुख्य धारा तथा उच्च स्तर की पर्यावरण तथा सामाजिक लाभ हेतु निगम सामाजिक दायित्व के लिए पारम्परिक लाभ से दूर रहेगा। सतत् प्रकाश उचित प्रक्रिया हेतु द.ह.बि.वि.नि. फर्म प्रतिमानों हेतु प्रतिबद्ध है।

0.12 ई.एस.पी.पी. दस्तावेज सात अध्यायों में निहित है जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का संक्षिप्त विवरण

0.13 हरियाणा राज्य में बिजली क्षेत्र में सरकार के अधीन चार निगम एच.पी.जी.सी.एल., एच.वी.पी.एन. एल., यू.एच.बी.वी.एन.एल, तथा डी.एच.बी.वी.एन. है जो राज्य में विद्युत उत्पादन, सम्प्रेषण तथा वितरण कार्य के लिए उत्तरदायी है। पहले ये सभी गतिविधियां तत्कालीक हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड द्वारा की जाती थी।

0.14 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की पर्यावरणीय तथा सामाजिक नीति

0.15 डी.एच.बी.वी.एन. संगठनात्मक तथा परियोजना स्तरों पर पहचान, मूल्याकंन तथा पर्यावरणीय व सामाजिक संबधों के लिए पर्यावरणीय तथा सामाजिक सरोकारों को परिहार न्यूनतम करने के साथ प्रबन्ध प्रणाली में सुधार तथा राज्य की कला तकनीकियों के सिद्वान्तों पर गम्भीरता से आधारित है।

0.16 डी.एच.बी.वी.एन. की पर्यावरणीय तथा सामाजिक नीति के मुख्य सिद्धान्त इस प्रकार हैः–

(ए) पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्र जैसे वन, राष्ट्रीय पार्क तथा जीव आरक्षित क्षेत्र में संचालन न करना।

(बी) पर्यावरणीय प्रभाव क्षेत्र तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर प्रभाव की पहचान करना तथा नवीन/व्यवहारिक इंजिनियरिंग समाधान के साथ इन्हें कम करना।

(सी) कुशल तथा सुरक्षित प्रौद्योगिकी प्रथाओं के लिए आवेदन ;

(डी) अपनी सभी गतिविधियों तथा संचालन में प्रदूषण न करना ;

(ई) सभी गतिविधियों में ऊर्जा घाटे को कम करना तथा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना।

(एफ) सामाजिक संवेदनशील क्षेत्र जैसे मानव धरोहर तथा सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्र के विघटन से बचना।

(जी) जहां भी हानि हुई या नुकसान उठाना पड़ा वहां प्रभावित व्यक्तियों या जीवन स्तर उठाने के लिए कार्य करना।

(एच) वितरण लाईनों तथा सब–स्टेशनों के प्रस्तावित मार्गों के अन्तिम करण से पूर्व स्थानीय जनता से विचार–विमर्श किया जाएगा।

(आई) डी.एच.बी.वी.एन. के ढांचे तथा आर.एण्ड आर. में हुए अधिग्रहण के लिए हुए घाटे के आधार पर मुआवजा सुनिश्चित करना।

(जे) आार्थिक रुप से व्यवहारिक विकल्प परियोजनाओं प्रारुपों द्वारा अनैच्छिक पुनर्वास से परहेज या कम किया जाएगा।

(के) सभी प्रभावित व्यक्तियों जिनमे भूमिहीन भी शामिल हैं को पूर्व परियोजना स्तरों पर जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

(एल) निम्न स्तर पर जीवन यापन तथा असुरक्षित वर्गों के विकास के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा।

(एम) पुनर्वास कार्य योजना (आर.ए.पी.) प्रभावित परिवारों के परामर्श तथा उन्हें समय पर सहायता प्रदान करने के विश्वास के साथ किया जाएगा।

(एन) यदि किसी व्यक्ति की शेष भूमि संचालन में आती है और कृषि योग्य नहीं है तो भी उसी अनुसार मुआवजा दिया जाएगा, यदि ए.एफ की इच्छा होगी। यह दृष्टिकोण आंशिक रुप से प्रभावितों के लिए भी समान है।

(ओ) मुआवजा देने से पूर्व किसी भी भूमि पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाएगा तथा नीतिगत ढांचे के अनुरुप ही प्रभावित जनता की सहायता की जाएगी।

नीति कानून और विनियामक ढांचा

0.17 डी.एच.बी.वी.एन. भारतीय कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उचित दायित्वों एवं दिशा–निर्देशों व फंडिग एजेंसियों के अन्तर्गत अपनी वितरण गतिविधियों को चलाती है। पर्यावरण प्रभाव आकलन 1994 की सारणी–1 में विद्युत वितरण परियोजनाएं शमिल नहीं है तथा सीमित पर्यावरणीय विश्लेषण तथा पर्यावरणीय प्रबन्धन योजना (ई.एम.पी.) की आवश्यकता है।

0.18 हरियाणा विद्युत सुधार अधिनियम, 1997 तथा बिजली अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार डी.एच.बी.वी.एन. किसी भी स्थान पर वितरण खंभों के प्रतिस्थापन हेतु अधिकृत है। विद्युत क्षेत्र में उद्योगों के अनुकूल विकास के लिए बिजली अधिनियम, 2003 की रुपरेखा तैयार की गई है। हालाकि डी.एच.बी.वी.एन की परियोजनाओं की गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण भी शामिल हैं। विद्युत अधिनियम बिजली वितरण के संबधित पर्यावरणीय कार्यान्वयन की गतिविधियों के परिणामों से संबध नहीं रखता है। कुछ क्षेत्रों में योजित बिजली वितरण योजनाएं बिजली की उच्च अधिकार क्षेत्रों के प्रति उत्तरदायी है।

0.19 डी.एच.बी.वी.एन. के वितरण कार्यों के लिए पर्यावरण आवश्यकताओं का होना आवश्यक है जिनमें वन (संरक्षण) अधिनियम 1980, पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियन, 1986, भारतीय बिजली कानून–1956, हानिकारक कचरा (प्रबन्धन तथा व्यवस्था) कानून–2003, प्राकृतिक स्रोत से संबधित संरक्षण कानून, वनों का डब्ल्यू.बी. ओ.पी. 4.36 फडिंग एजेसियों के लिए पर्यावरण आवश्यकता, शारीरिक सांस्कृतिक स्रोतों पर डब्ल्यू.बी. ओ.पी. 4.11, प्राकृतिक धरोहरों पर डब्ल्यू. बी. ओ.पी. 4.04 शामिल हैं।

0.20 डी.एच.बी.वी.एन. के वितरण कार्यों के लिए पर्यावरण आवश्यकताओं का होना आवश्यक है जिनमें भूमि अधिग्रहण अधिनियम–1894, बेदखल भूमि अधिग्रहण तथा फडिंग एजेंसियों की जरुरत जैसे, डब्ल्यू.बी.ओ.पी. 4.12 अस्वैच्छिक पुनर्वास के लिए हरियाणा सरकार की पुनर्वास एवं पुनर्वास नीति, स्थानीय लोगों की डब्ल्यू.बी.ओ.पी. 4.10, ई.एस.पी.पी. की रुपरेखा के तहत राष्ट्रीय पुनर्वास नीति 2007 का भी ध्यान रखा गया है।

समाजिक अधिकार की रुपरेखा

0.21 समाजिक नियमों की रुपरेखा संवैधानिक निर्देशों से व्युत्पन्न आर. एवं आर. नीति, राज्य आर.एवं आर नीति तथा प्रांसगिक नीतियों से ली गई है।

0.22 डी.एच.बी.वी.एन. स्पष्ट करता है कि इसकी परियोजना के परिणामस्वरुप न ही लोगों का अविस्थापन हुआ है तथा न ही होगा। इस संबन्ध में कोई अविस्थापन होता है तो इसकी प्रबन्ध

प्रक्रियाओं के आधार पर अधिकार रुपरेखा पर होगा। डी.एच.बी.वी.एन. का उद्देश्य है कि यह निश्चित किया जाता है कि वास्तविक पुनर्वास तथा ए.एफ. श्रेणियों से संबधित अधिग्रहित क्षेत्र का मुआवजा मिलेगा जैसे भूमि की हानि (आवासीय भूमि, कृषि भूमि, काश्तकारों, पट्टेदारों, अनाधिकृत/धक्का बस्तियां) ढांचागत हानि (योग्य स्वामित्व, काश्तकारों, पट्टेदारों, धक्का बस्तियां, पुश छप्परों, कार्यशाली छप्परों आदि) जीव जन्तुओं की हानि, खड़ी फसलों/वृक्षों की हानि सांझी भूमिखंड स्रोतों (सी.पी.आर.) के रास्तों तथा सुविधाओं की हानि, स्थानीय समुदायों पंचायत भूमि तथा असुरक्षित लोगों के अतिरिक्त लाभों की हानि।

पर्यावरण एवं सामजिक प्रबन्धन प्रक्रियाएं

0.23 बिजली वितरण प्रणाली तथा वितरण लाईनों में सही रास्ता, स्विचयार्डस, सब–स्टेशन शामिल हैं। वितरण लाईन के मुख्य ढांचे में लाईन, कन्डक्टरस, सहायक टावर्स आदि शामिल हैं। मुख्य ढांचे के लिए वितरण लाईनों की वोल्टेज क्षमता का प्रभावी आकार आवश्यक है। सही रास्ते में जिस वितरण लाईन का निर्माण होता है उसकी चौड़ाई 7 मीटर (11 के.वी.) से 15 मीटर (33 के.वी. लाईन के लिए) होती है।

0.24 बिजली वितरण प्रणाली के दौरान मुख्य सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव भूमि हानि, ढांचागत हानि, जैव हानि, खड़ी फसलों/वृक्षों की हानि, सांझी भूमि स्रोतों तथा संबधित हानि (सी.पी.आर) स्थानीय समुदायों की हानि, माननीय धरोहर तथा स्वैच्छिक पुनर्वास की हानि, पी.सी.बी.एस. में बिजली उपकरणों के कारण पर्यावरण हानि तथा सांस्कृतिक/ऐतिहासिक धरोहर के क्षेत्र में तथा ई.एम.एफ. के प्रभाव शामिल होने के कारण दूरसंचार में बाधा होना है। इसके अतिरिक्त बिजली वितरण प्रणाली के दौरान गौण पर्यावरणीय प्रभाव हो सकते है। जैसे विद्युतीय हानियां, सब–स्टेशनों में शोर की समस्या, कार्यस्थलों पर रासायनिक प्रदूषण, आग का खतरा तथा भूमि/गीली भूमि आदि संवेदनशील क्षेत्रों को खतरा।

0.25 उपरोक्त समस्या परियोजना के कारण या परियोजना की योजना के कारण, विद्युत वितरण प्रणाली के निर्माण तथा परिचालन एवं रखरखाव के कारण भी हो सकती है।

0.26 द.ह.बि.वि.नि. की पर्यावरण एवं सामाजिक प्रबन्धन प्रक्रिया में परियोजना धारण, परियोजना की योजना, परियोजना मंजूरी, विस्तृत प्रारुप तथा निविदा, परिचालन व रखरखाव तथा वार्षिक समीक्षा है।

0.27 योजना स्तर के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में रास्तों के चुनाव के निहित लचीलेपन के कारकों के कारण, मानव धरोहर के खतरों तथा उपयोगी भूमि पर प्रभाव, विमान खतरे आदि अलग कर दिए जाते हैं या कई बार सामाजिक तथा पर्यावरणीय प्रभावों को कम कर दिया जाता है।

0.28 निर्माण के दौरान सब–स्टेशनों के स्थानों की उचित श्रेणी/खंभो की स्थिति, विद्युत खतरों को दूर करने की नीति, उचित भण्डारण तथा तेल कचरे के तरल को खत्म करना, कच्चे पदार्थों के हवा में फैलने/रिसने तथा मिट्टी/पानी सतह को दूषित करने से रोकना है।

0.29 इसी प्रकार परिचालन व रखरखाव स्तर के दौरान आर.ओ.डब्ल्यू की उचित सफाई तथा रखरखाव (जैसे वृक्षों की कतरन तथा काटना); ट्रांसफार्मर आदि से शोर कम करना (जैसे समय–समय पर कोर बोल्ट्स, कोर प्लेटस, आन्तरिक ढीले आवेश आदि को जांचना) ट्रांसफार्मरों के जोड़ से तेल रिसाव का निरीक्षण करना, स्विच गियरस/ट्रांसफार्मरों में भरे तेल के ज्वलनशील खतरों के कारण आग से सावधानी से पर्यावरण प्रभावों को कम या समाप्त किया जा सकता है।

0.30 वितरण कार्यों में पर्यावरणीय तथा सामजिक प्रभावों की पहचान हो गई है। जबकि परियोजना की योजना के दौरान, निर्माण परिचालन तथा रखरखाव, माप को कम करने के लिए सामाजिक तथा पर्यावरणीय प्रभावों के निर्देश अपना रही है।

0.31 पर्यावरणीय तथा सामाजिक खतरों का मूल्याकंन द.ह.बि.वि.नि. की पर्यावरणीय तथा सामाजिक रणनीति का एक अहम हिस्सा है। जोखिम मूल्याकंन प्रक्रिया में इसकी वितरण प्रणाली के तहत वर्तमान जोखिम तथा भविष्य में सम्भावित खतरों की पहचान होती है। यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है इसमें लागत–लाभ विश्लेषण शामिल है। द.ह.बि.वि.नि. द्वारा इन जोखिमों गुणात्मक तथा संख्यात्मक दोनों को प्राथमिकता पर मूल्याकंन हेतु पर्यावरणीय व सामाजिक प्रबन्धन प्रक्रियाएं विकसित की हैं। प्राथमिकता आधार पर पर्यावरण तथा सामाजिक प्रबन्धन विकल्प चुने जाते हैं।

0.32 द.ह.बि.वि.नि. द्वारा तैयार प्रत्येक वितरण कार्य पर्यावरण प्रभाव मूल्याकंन व आधार लाईन सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रबन्ध योजना व पुनर्वास कार्य योजना पर आधारित है।

<u>संस्थागत ढांचा</u>

0.33 इस अध्याय में द.ह.बि.वि.नि. की ई.एस.पी.पी. के निश्चित प्रभावी कार्यान्वयन को बनाए गए संस्थागत प्रबन्धों का विस्तार किया गया है।

मुख्यालय पर ई.आर.एण्ड.आर समिति, मण्डलीय स्तर पर पर्यावरण व सामाजिक देखरेख समिति (ई.एस.एम.सी.) तथा निम्न स्तर पर पर्यावरण तथा सामाजिक कार्यान्वयन इकाई (ई.एस.आई.यू.) का भी गठन किया गया है। ई.एस.पी.पी. के कार्यान्वयन के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण तथा विकास अभिन्न अंग है। एन.पी.टी.आई./पी.जी.सी.आई.एल. से प्रारम्भ में कार्यकारी/गैर कार्यकारी, प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि ई.एस.पी.पी. दस्तावेज को समझने के लिए सक्षम हो तथा इसके सही समय पर कार्यान्वयन हेतु आवश्यक कदम उठा सके। इसलिए विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

<u>जन–जागरुकता</u>

0.34 ज्यादातर वितरण परियोजनाएं पर्यावरणीय तथ सामाजिक प्रभाव के कारण नहीं बनती जिसके कारण जनता के विरोध का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद जहां तक सम्भव हो जनता को सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव से जागरुक कराने के लिए द.ह.बि.वि.नि. की दृढ़ प्रतिबद्धता है। हालांकि यह किया जा रहा है। पहले कदम के रुप में बिजली (आपूर्ति) अधिनियम–1948 की धारा–29 के अर्न्तगत परियोजना की जन–अधिसूचना स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित

कर जनता से दो महीने के अन्दर आपत्ति आमंत्रित की जाती है। ई.एस.पी.पी. दस्तावेज के अन्तिमकरण से पहले जनता से समाचार पत्र सूचना के लिए सलाह ली जाती है तथा ई.एस.पी. पी. प्रारुप सर्कल मुख्यालय तथा निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है। जनता द्वारा पेश टिप्पणी/सुझाव ई.एस.पी.पी. में शमिल कर लिए गए हैं।

अध्याय : 1 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (द.ह.बि.वि.नि.)

1.1 हरियाणा राज्य में बिजली क्षेत्र में बिजली उत्पादन वितरण तथा सम्प्रेषण के लिए उत्तरदायी चार निगम एच.पी.जी.सी.एल.,एच.वी.पी.एन.एल.,यू.एच.बी.वी.एन.एल. तथा डी.एच.बी.वी.एन.एल अस्तित्व में है। पहले ये सभी गतिविधियां तत्कालिक हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड द्वारा की जाती थी।

1.2 राज्य बिजली क्षेत्र की पुनःसंरचना 14 अगस्त, 1998 को हुई। 14/08/1998 को हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड (एच.एस.ई.बी.) को दो निगमों हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एच.वी.पी.एन.एल.) तथा हरियाणा पावर जनरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड (एच.पी.जी.सी.एल.) को पुनः संगठित किया गया। एच.पी.जी.सी.एल. को राज्य के बिजली उत्पादित स्टेशनों पर स्वामी बनाया जो संचालन तथा रखरखाव के लिए उत्तरदायी होगी। एच.वी.पी.एन.एल. को बिजली प्रसारण तथा वितरण कार्य सौपें गए। इसी तरह 16/08/1998 को बिजली क्षेत्र में राज्य सरकार की मदद व सलाह तथा विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ताओं के हित के विभिन्न उपाय जैसे बिजली उपभोक्ता, बिजली अस्तित्व तथा उत्पादन कर्मियों आदि के लिए एक स्वतंत्र संस्था हरियाणा बिजली विनियामक आयोग का गठन किया गया।

1.3 1 जुलाई, 1999 को एच.वी.पी.एन.एल. को पुनः संगठित कर दो और निगम उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यू.एच.बी.वी.एन.एल.) तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (डी.एच.बी.वी.एन.एल.) बनाए गए जो अपने अधिकार क्षेत्र में वितरण व बिजली की खुदरा आपूर्ति के लिए उत्तरदायी होगीं। यू.एच.बी.वी.एन.एल. पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, झज्जर तथा जीन्द जिलों के लिए उत्तरदायी है जबकि डी.एच.बी.वी.एन.एल. हिसार, फतेहबाद, भिवानी, सिरसा, फरीदाबाद, गुड़गांव, रेवाड़ी तथा नारनौल जिलों की बिजली आपूर्ति के लिए उत्तरदायी है। ये वितरण कम्पनियां इस समय विभिन्न श्रेणियों के लगभग 42 लाख उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही हैं।

1.4 एच.पी.जी.सी.एल. बिजली उत्पादन, बुल्क आपूर्ति तथा सावधि बिजली खरीद को देखती है। बिजली व्यापार सौदे को 9/06/2005 से एच.वी.पी.एन.एल. से एच.पी.जी.सी.एल. को स्थानान्तरित कर दिया गया तथा एच.पी.जी.सी.एल. व्यापार सौदे को भी देखती है। 15/04/2008 से व्यापार कार्य को यू.एच.बी.वी.एन.एल. तथा डी.एच.बी.वी.एन.एल. को दे दिया गया जिसके बाद हरियाणा पावर प्रोक्यूरमेंट सेल (एच.पी.पी.सी.) अस्तित्व में आई। राज्य में उपलब्ध कुल प्रतिस्थापित उत्पादन क्षमता 4368.01 मैगावाट है। 20/08/2007 को उच्चतम दैनिक बिजली आपूर्ति 1002.43 लाख यूनिट थी तथा 21/08/2007 को 4826 मैगावाट अधिकतम मांग रिकॉर्ड की गई।

1.5 वर्तमान में डी.एच.बी.वी.एन. के अर्न्तगत 33 के.वी. के 147 सब–स्टेशन जो 1937.05 किलोमीटर की 33 के.वी. लाईन से जुड़े हैं। 1571.1 एम.वी.ए. क्षमता के ट्रांसफार्मर हैं जो 37745.85 किलोमीटर की 11 के.वी. लाईन से जुड़े हैं तथा 52729.14 किलोमीटर एल.टी.लाईन से जुड़े 5880144.5 के.वी.ए. क्षमता के 92536 वितरक ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापित हैं। जो वितरण कम्पनी की भार आवश्यकताओं का प्रबन्ध करते हैं।

1.6 वर्तमान में एच.वी.पी.एन.एल. के अर्न्तगत 66 के.वी. से 220 के.वी. वोल्टेज रेटिंग के 7844 किलोमीटर की प्रसारण लाईन के 256 ग्रिड सब–स्टेशन हैं। इनकी संख्या 6 हैं। पी.जी.सी.आई. एल. के 400 के.वी. के दो सब–स्टेशन तथा बी.बी.एम.बी के 8 सब–स्टेशन हरियाणा में स्थित हैं जो वितरण कम्पनियों की भार आवश्यकताओं का वितरण करता है। ग्रिड सब–स्टेशन का संक्षेप निम्नलिखित है।

सारिणी–1 सब–स्टेशनों की संख्या

क्रमांक संख्या	सब–स्टेशन का नाम	31/03/2008 तक सब–स्टेशनों की संख्या
1.	400 के.वी.सब–स्टेशन	6 (पी.जी.सी.आई.एल.)+2 (बी.बी.एम.बी.)=8
2.	220 के.वी.सब–स्टेशन	32+8=40
3.	132 के.वी.सब–स्टेशन	120
4.	66 के.वी. सब–स्टेशन	104

➢ भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड के हरियाणा क्षेत्र में 220 के.वी. के आठ सब–स्टेशन शामिल हैं।

1.6 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 14 प्रतिशत की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए हरियाणा बिजली क्षेत्र में व्यापक क्षमता बढ़ोतरी के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम है।

सारणी–2, 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए बढ़ोतरी क्षमता कार्यक्रम

स्थापित क्षमता के स्रोत	2007–08	2008–09	2009–10	2010–11	2011–12
राज्य स्वामित्व परियोजनाओं	1587.40	1587.40	1587.40	1587.40	1587.40
केन्द्रीय क्षेत्र का सांझा	1514.40	1514.40	1514.40	1514.40	1514.40
बी.बी.एम.बी. और आई.पी.–सांझी परियोजनाएं	937.50	937.50	937.50	937.50	937.50
डी.सी.आर.टी.पी. यमुनानगर	600.00	600.00	600.00	600.00	600.00
विशाल संयंत्र हिसार टी.पी.एस. (600X2) स्थिति			1100.00	1100.00	1100.00
झज्जर प्रकरण–II– (1150 ±15 प्रतिशत)*				1150.00	1150.00
अरावली एस.टी.पी.एस.झज्जर (500*3){हरियाणाः दिल्ली–50:50}				750.00	750.00
आई.पी.पी.एस./सी.पी.एस.यू. के साथ पी.पी. के माध्यम से अतिरिक्त उपलब्धता	111.70	233.70	876.70	1126.70	1930.70
यमुना नगर विस्तार				300.00	300.00
फरीदाबाद गैस				432.00	432.00
कुल क्षमता (मैगावाट)	4751.00	4873.00	6616.00	9498.00	10302.0
कुल उपलब्ध क्षमता (80प्रशितत पी.एल.एफ.में)	3800.80	3898.40	5292.80	7598.40	8241.60

भार वृद्धि, बढ़ाई गई क्षमता और उपलब्ध क्षमता (मैगावाट)



साल

1.7 दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने विद्युत क्षमता के शून्यीकरण को बढ़ाने के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एक व्यापक वितरण विस्तार कार्यक्रम बनाया है जो निम्नलिखित है।

वितरण (द.ह.बि.वि.नि.)

नई 33 के.वी. लाईनों एवं एच. टी. कैपिसटरों, नए 33 के.वी. सब–स्टेशन, 33 के.वी. सब–स्टेशन का संर्वधन	49.46	272.20	321.66
आर.जी.जी.वी.वाई. के तहत 11 के. वी. फीडरों का द्विभाजन/त्रिभाजन कर नए वितरक ट्रासंफार्मरों को एल.टी. लाईनों से जोड़ना, जिला प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए 11 के.वी. फीडरों तथा एल.टी. लाईनों को बढ़ाकर एरियल बन्चड केबल प्रदान करना	171.67	671.43	843.10
ग्रामीण कृषि भार से ग्रामीण घरेलू भार का पृथक्करण	32.20	256.23	288.43
एच.वी.डी.एस./एल.वी.डी.एस. प्रदान करना	102.61	372.14	474.75
क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्र प्रदान करना	15.45	62.80	78.25
उपभोक्ता मीटरिंग, डी.टी.मीटरिंग, फीडर मीटरिंग, प्रीपेड़ मीटरिंग	42.38	205.82	248.20
मांग पक्ष प्रबन्धन गतिविधियां	130.38	650.62	781.00
नाबार्ड	2.00	0.00	2.00
ए.पी.डी.आर.पी.	10.36	0.00	10.36
11 के.वी. स्वचालन वितरण प्रणाली	23.62	136.57	160.19
आगामी मीटरिंग, स्वचालन वितरण प्रणाली	22.15	174.82	196.97
33/0.433 के.वी. प्रणाली प्रदान करना	3.69	5.00	8.69
कुल वितरण	**605.97**	**2807.63**	**3413.60**

11वीं पंचवर्षीय योजना के अर्न्तगत योजनात्मक गतिविधियां

1.8 द.ह.बि.वि.नि. द्वारा 11वीं पंचवर्षीय योजना में वितरण तन्त्र को मजबूत बनाने के लिए की जा रही योजनात्मक गतिविधियां निम्नलिखित हैं।

1. नई 33 के.वी. लाईनों और एच.टी. कैपिसटरों, नए 33 के.वी. सब–स्टेशनों, 33 के.वी. सब–स्टेशनों के संवर्धन का सृजन करना।

1.9 भार वृद्धि की आवश्यकता के साथ नए अतिरिक्त सब–स्टेशनों का निर्माण एक सतत् प्रक्रिया है जिससे अंतिम छोर तक वोल्टेज पहुंचने तथा तकनीकी घाटो में कमी में सुधार होगा।

1.10 पंचवर्षीय योजना में नए 33 के.वी. के 125 सब–स्टेशनों के निर्माण का प्रावधान किया गया है, 2007–08 के दौरान 37 सब–स्टेशन प्रस्तावित हैं। जिनमें से 15 को पूरा कर लिया गया है तथा शेष 22 का कार्य प्रगति पर है, इसके अलावा 2008–09 में 33 के.वी. स्तर के 59 सब–स्टेशनों के निर्माण का प्रस्ताव है।

1.11 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उपरोक्त विषय संख्या एक के अर्न्तगत 33 के.वी. सब–स्टेशनों को आपूर्ति हेतु 1000 किलोमीटर लम्बी लाईन स्थापित करने का प्रस्ताव है।

1.12 वर्तमान में 33 के.वी स्तर के 60 सब–स्टेशनों के निर्माण का प्रावधान इस योजना में किया गया है।

1.13 इस गतिविधि पर 321.66 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है।

2. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अर्न्तगत 11 के.वी. फीडरों का द्विभाजन/त्रिभाजन कर नए वितरक ट्रांसफार्मरों को एल.टी.लाईन से जोड़ना,जिला प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए 11 के.वी. फीडरों तथा एल.टी. लाईनों को बढ़ाकर एरियल बन्चड केबल प्रदान करना।

1.14 उच्च तकनीकी हानियां और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में बाधा अतिभारित फीडरों के परिणामस्वरुप प्रभावित है। अतिभारित फीडरों का द्विभाजन/त्रिभाजन करने से तकनीकी हानियों में कमी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज/आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 400 फीडरों के द्विभाजन/त्रिभाजन का प्रस्ताव है।

1.15 द.ह.बि.वि.नि. की औसत भार वृद्धि 8 प्रतिशत तथा कुछ क्षेत्रों में इससे अधिक भी है। पानी का स्तर गिरने से ए.पी. उपभोक्ताओं द्वारा मोटरों की क्षमता बढ़ाई गई है, उन्हें अतिरिक्त उपभोक्ता प्रणाली में जोड़ा गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 40 हजार अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों को एच.टी.,एल.टी. लाईनों से जोड़ कर प्रदान करना प्रस्तावित है।

1.16 इस गतिविधि पर निवेश के रूप में 843.1 करोड़ रूपये खर्च होने की सभावना है।

3 ग्रामीण कृषि भार से ग्रामीण घरेलू भार का पृथक्करण।

1.17 11 के.वी. स्तर के 554 फीडरों को कृषि भार से ग्रामीण घरेलू भार को विभाजित करने की आवश्यकता है। जिनमें से 96 फीडरों को दिनांक 31/03/2008 तक पूरा कर दिया गया है, शेष 458 फीडरों का कार्य प्रगति पर है।

1.18 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 288.43 करोड़ रुपए का निवेश इस गतिविधि पर खर्च की संभावना है।

4 <u>गांवों/कस्बों और 11 के.वी. फीडरों पर एच.वी.डी.एस. प्रदान करना।</u>

1.19 एक सूची शहरी और मिश्रित फीडरों से हुई उच्च हानि के लिए बीस लाख रुपये प्रति वर्ष वापिस भुगतान हेतु तैयार की गई थी तथा लाईन लॉसिस की 16 प्रतिशत बचत का संभावित लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पंचवर्षीय योजना के दौरान 474. 75 करोड़ रुपये निवेश करके सभी फीडरों को एच.वी.डी.एस. प्रदान करने का प्रस्ताव है। 3019 गांवों और कालोनियों को एच.वी.डी.एस. प्रदान करने की योजना बनाई गई थी। जिसमें से 182 दिनांक 31/03/2008 को पूरे किए जा चुके हैं।

5 <u>क्षेत्र के विभिन्न सब–स्टेशनों पर डी.एस.एस./ भार प्रेषण केन्द्र प्रदान करना।</u>

1.20 द.ह.बि.वि.नि. ने 33 के.वी. स्तर के 143 सब–स्टेशनों का 31/03/2008 तक निर्माण करने का प्रावधान रखा है तथा वर्ष 2008–09 के दौरान 59 सब–स्टेशनों के निर्माण का प्रस्ताव बनाया है।

1.21 प्रत्येक सब–स्टेशन की आवश्यकता के मुताबिक सभी तीन फेसों के भार, बिजली कारक, ऊर्जा खपत तथा फीडर की स्थिति के दिन के समय के प्रति क्रियाशील अंश के अनुबोधक आंकड़े निकट निगरानी कर प्राप्त किए। बेहतर दक्षता के लिए यह प्रणाली में आवश्यक है। इसलिए द. ह.बि.वि.नि. की न्याय व्यवस्था में सभी 33 के.वी. स्तर के 220 सब–स्टेशनों में आंकड़े अधिग्रहण प्रणाली प्रदान करने का प्रस्ताव है। इसपर वर्ष 2008–09 के दौरान अनुमानित लागत 3 करोड़ रुपये है। इस प्रावधान को बिजली नियामक आयोग (इनर्फासमैंट) की देख–रेख में मदद मिलेगी। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आंकडे अधिग्रहण प्रणाली प्रदान हेतु सभी सब–स्टेशनों और क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्रों पर 78.25 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

6. <u>फीडर मीटरिंग, प्रीपेड मीटर</u>

1.22 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान द.ह.बि.वि.नि. ने विद्युत मीटरों और फीडर मीटरों के साथ इलैक्ट्रोनिक मीटरों को बदलने की योजना बनाई है। प्रीपेड मीटरिंग को अपनाने का इरादा है। प्रदर्शन हेतु कुछ प्रीपेड मीटरों को स्थापित कर अध्ययन किया जा रहा है। इस कार्य पर 248. 20 करोड़ रुपये निवेश प्रस्तावित हो चुके है।

7 <u>मांग पक्ष प्रबन्धन</u>

<u>उच्च दक्षता सी.एफ.एल. प्रकाश कार्यक्रम</u>

1.23 द.ह.बि.वि.नि. ने अपने क्षेत्र के परिचालनों के अर्न्तगत सी.एफ.एल को बढ़ावा देने के लिए 2006 में एक कार्यक्रम शुरु किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए दस लाख सी.एफ.एल. लैंपों का वितरण किया और सिरसा सर्कल को भारत का पहला सी.एफ.एल. सर्कल होने का दावा किया।

1.24 बिक्री संर्वधन नमूना 2007–08 में अपनाया। जिसमें लगातार तीन हजार गांवों को सी.एफ.एल. में स्थानांतरित किया जा रहा है। इस रणनीति में शहरी क्षेत्रों को भी शमिल किया गया।

1.25 हरियाणा सरकार के अनुपालन में सभी सरकारी कार्यालयों को प्रकाश व्यवस्था करने के लिए सी.एफ.एल./टी–5 ट्यूब लाइटों में स्थानान्तरित किया जाएगा। ऊर्जा विभाग के आदेश संख्या 22/52/05–5पी.दिनांक 29/07/2006 को सरकारी इमारतों/सहायता प्राप्त संस्थाओं/बोर्डो/निगमों इत्यादि में काम्पैक्ट फ्लोरोसैंट लैंप के उपयोग को अनिवार्य कर संख्या डी–38/2005 दिनांक 14/12/2005 को बिक्री परिपत्र जारी किया गया।

1.26 निगम भी सी.एफ.एल. से कार्बन क्रेडिट अनुभव प्राप्त करने और कुशल प्रकाश हासिल करने के लिए सलाहकार नियुक्त करना चाहता है।

<u>उच्च दक्षता सड़क प्रकाश कार्यक्रम</u>

1.27 निगम द्वारा उच्च दक्षता सड़क प्रकाश कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रयोगिका आधार पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाया जा रहा हैः–

1 स्वचालित ''बटन चालू–बटन बंद'' नियंत्रण मशीन को नियमित करने के लिए दिन के समय के दौरान चलने से बचने के लिए फोटो सेंसर का उपयोग किया जाता है।

2 देर रात घंटे के दौरान वैकल्पिक स्ट्रीट लाईट का स्वचालित सरक्यूटरी लाईट का प्रयोग करें। भार में कमी करने के लिए क्षेत्र के आधे भाग में स्ट्रीट लाईट प्रयोग करेंगे।

1.28 द.ह.बि.वि.नि. ने उपरोक्त प्रोद्यौगिकियों स्ट्रीट लाईटिगं के उपभोक्ता वर्ग को प्रयोगिका परियोजना की प्रतिक्रिया के आधार पर आवेदन देने के लिए योजनाएं बनाई हैं।

<u>उच्च दक्षता लिफ्ट नहर सिंचाई कार्यक्रम</u>

1.29 वर्तमान में द.ह.बि.वि.नि. की लिफ्ट नहर सिंचाई प्रणाली 25 से 30 साल पुराने पंपो और कम दक्षता वाली मोटरों पर निर्भर है।

1.30 उपरोक्त समस्या को दूर करने के लिए द.ह.बि.वि.नि. की (ऊर्जा सर्विसिज कम्पनीज) ई.एस. सी.ओ. को रुचि की अभिव्यक्ति के आधार पर नियुक्त करने की सलाह है।

1.31 परामर्शदाताओं द्वारा रिपोर्ट के अनुसार द.ह.बि.वि.नि. ऊर्जा दक्षता लिफ्ट नहर सिंचाई कार्यक्रम की रुपरेखा की योजना पर कार्रवाई के लिए तैयार है।

<u>मोटर दक्षता कार्यक्रम</u>

1.32 यह कार्यक्रम औद्योगिक उपभोक्ताओं, संचालकों व मोटरों को केन्द्रीभूत करने को लक्षित है।

1.33 हाल ही में मोटर के डिजाईनों में विकास की उपलब्धि से दक्षता में (4 प्रतिशत से 7 प्रतिशत का) महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुआ है। विभिन्न गति ड्राइव (वी.एस.डी.) का प्रयोग कर मोटर की गति को नियमित किया जा सकेगा।

1.34 उच्च दक्षता मोटरों को (एच.ई.एम.) औसत 20 प्रतिशत से 40 प्रतिशत बढ़ाकर मानक मोटरों से ज्यादा ऊर्जा बचत की जा सकती है। जो मोटर के आकार व संचालन के घंटो पर निर्भर है। उच्च प्रारम्भिक लागत, प्रमुख बाधा का संयोजन और बचत का सत्र क्या वास्तव में प्राप्त किया

जा सकता है ? इसी प्रकार वी.एस.डी.एस. के साथ मुख्य बाधा है कि क्या प्रारम्भिक पूंजी व्यय का औचित्य भविष्य में बचत स्तर को प्रकट कर सकता है। वैसे, द.ह.बि.वि.नि. ने वी.एस.डी.एस. निर्माताओं के साथ गठबंधन कर अनुदान दरों पर उपभोक्ताओं के लिए उच्च दक्षता वाली कुशल मोटरों को अनुदान दरों पर प्रदान करने के लिए योजना बनाई हैं।

<u>सिंचाई दक्षता निर्धारित पम्प कार्यक्रम</u>

1.35 सिंचाई के उद्देश्य के लिए बड़ी संख्या में कृषि उपभोक्ता बिजली पर निर्भर हैं। दक्षता पम्प प्रणाली के तहत सभी कृषि उपभोक्ताओं का ऊर्जा दक्ष पम्प सेटों का उपयोग करना अत्यन्त महत्व रखता है। बी.ई.ई. ने समर्सीबल पम्प सेटों के लिए स्टार रेटिड प्रक्रिया को अन्तरिम रुप दे दिया है और रेटिंग जल्द उपलब्ध होने पर निगम अपने दक्ष पम्पिगं कार्यक्रम का आरम्भ करेगा।

1.36 हरियाणा में लगभग 4.50 लाख सिंचाई पम्प (आई.पी.) सेट हैं। ये आई.पी. सेट प्रतिवर्ष 640 करोड़ से भी ज्यादा बिजली यूनिटों की खपत करते हैं। एक सिंचाई पम्प सेट पर लगभग 14 हजार यूनिटों का भार है। एच.ई.एस.एल. के द्वारा हाल ही में किए गए सर्वेक्षण से 80 प्रतिशत से ज्यादा सिंचाई पम्प सेट स्थानीय ब्रांड के पाए गए जिन्हें स्थानीय पम्प सेट डीलरों से स्थापित करवाया गया है। ऊर्जा दक्ष सिंचाई पम्प सेटों का उपयोग करने वालों की संख्या 25 प्रतिशत से भी कम हैं।

1.37 निगम द्वारा वर्ष 2008–09 के दौरान जीतो–जीतो अभियान चलाया गया है। निगम की 'अपना ट्रांसफार्मर जीतो' एच.वी.डी.एस. प्रणाली के तहत कृषि कनैक्शन वाला जो भी किसान (निगम द्वारा निर्धारित लोड) एच.वी.डी.एस. प्रणाली के अर्न्तगत उदाहरण के लिए, यदि किसान निगम से ऊर्जा दक्ष मोटर (पांच साल की वांरटी के साथ) खरीदने पर निगम बदले में उसे एक स्वतंत्र वितरण ट्रांसफार्मर (डी.टी.आर.) प्रदान करेगा जिसके कनैक्शन का सारा खर्च निगम का होगा।

1.38 निगम उन सभी किसानों को एच.टी. लाईन से स्वतंत्र ट्रांसफार्मर निशुल्क प्रदान करेगा, जो दक्ष पम्पिगं उपकरणों के विषय की निगम द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा कर प्रस्तुत करेगा।

<u>शक्ति कारक सुधार कार्यक्रम</u>

1.39 द.ह.बि.वि.नि. का यह कार्यक्रम बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं पर केन्द्रित है। हालांकि, यह व्यवसायिक उपभोक्ताओं पर भी लागू किया जा सकता है।

1.40 बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए उपभोक्ताओं के भार पक्षों को ध्यान में रखते हुए कैपिस्टर बैंको की स्थापना की गई है।

1.41 वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्र सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को किलोवाट घंटों के हिसाब से बिल भेजा जा रहा है। ऊपर उल्लेखित कार्यक्रम जीतो–जीतो प्रणाली में उपभोक्ताओं की स्थिति में सुधार कर उपभोक्ताओं को अनावश्यक जुर्माने से बचाकर राहत प्रदान करेगा।

<u>अमारफॉस कोर ट्रांसफार्मर कार्यक्रम</u>

1.42 ए.एम.डी.टी. (अमारफॉस कोर वितरण ट्रांसफार्मर) के किनारों में ग्लास

मिश्र धातु का उपयोग होता है। ठोस अवस्था में गैर क्रिस्टलीयन सूक्ष्म आकृति होने पर (अमारफॉस) है। इस सूक्ष्म आकृति के परिणामस्वरुप अमारफॉस मिश्र धातुओं का चुम्बकीय प्रदर्शन, कठोरता, ताकत, हानि सहनशीलता और जंग प्रतिरोध जैसे गुणों का अद्वितीय संयोजन प्रदर्शित करता है। यह दक्षता को बढ़ाने और लोहे की हानि को कम करने के लिए है।

1.43 परम्परागत कोर ट्रांसफार्मरों के समूचे जीवन चक्र की तुलना में कुल परिचालन लागत से कम मूल्य में बेहतर संचालन दक्षता और परिणाम वाले अमारफॉस कोर प्रकार के सभी नए ट्रांसफार्मरों को द.ह.बि.वि.नि. द्वारा खरीदा जा रहा है।

1.44 द.ह.बि.वि.नि. भी अमारफॉस कोर वितरण ट्रांसफार्मरों को उद्योगों और अन्य स्थानों पर अनुप्रयोगों के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है।

<u>सौर ऊर्जा संवर्धन कार्यक्रम</u>

1.45 द.ह.बि.वि.नि. अपने अधिकार क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले क्षेत्रों में सौर जल ताप प्रणाली को बढ़ावा दे रहा है। मीडिया की मदद से नियमित रुप से विभिन्न जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं के एस.डब्ल्यू.एच.एस. बिक्री पर रियायती दरों का प्रस्ताव है।

1.46 हरियाणा सरकार के राजपत्र के निर्देशों की अनुपालना में सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में सौर जल ताप प्रणाली का उपयोग अनिवार्य है।

1.47 आदेश में सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन देकर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया है। सोलर जल हीटर का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल में छूट देकर हरियाणा सरकार ने प्रोत्साहन की पेशकश की है।

1.48 एच.ई.आर.सी. ने भी गैर परम्परागत ऊर्जा स्थापित करने के लिए दिशा–निर्देश दिए है जबकि गैर–परम्परागत ऊर्जा की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। निगम भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करके गैर–परम्परागत ऊर्जा की खरीद करने के लिए फरीदबाद एवं हिसार में स्वयं के दो कार्यालय चला रहा है।

1.49 एक सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए 2.5 करोड़ रुपए (टेरी से प्राप्त परामर्श के आधार पर) का निवेश द.ह.बि.वि.नि. का प्रस्ताव है। तदनुसार, निगम वैकल्पिक ऊर्जा प्रोद्यौगिकी दिखाने और गैर परम्परागत ऊर्जा की खरीद के लिए एच.ई.आर.सी. निवेश की पूर्ति हेतु प्रत्येक चालू वर्ष के दौरान 50 किलोवाट के दो सौर ऊर्जा संयंत्रो की स्थापना का इरादा रखता है। इसलिए सौर ऊर्जा के अर्न्तगत कुल पांच करोड़ रुपये के निवेश की योजना है।

<u>उपभोक्ता दक्षता जागरुकता कार्यक्रम</u>

1.50 द.ह.बि.वि.नि. विभिन्न सर्कल कार्यालयों में डी.एस.एम. केन्द्र स्थापित करने की दिशा में योजना बना रहा है। ई.एस.सी.ओ.एस. निर्माताओं द्वारा उपकरणों का संरक्षण कराया जाएगा और सौर ऊर्जा दक्षता से संबधित सभी सूचनाओं और प्रोद्यौगिकियों का प्रदर्शन एक ही दुकान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

1.51 द.ह.बि.वि.नि. हिसार में एक ऊर्जा पार्क की स्थापना की दिशा में काम कर रही है। ऊर्जा दक्षता के मुद्दो पर सार्वजनिक शिक्षा, ऊर्जा संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के बारे में एक गैर तकनीकी वातावरण के अनुकूल जानकारी देना इसका उद्देश्य है। हिसार में ऊर्जा पार्क स्थापित करने के लिए 650X230 वर्ग फुट के एक भू–खंड की पहचान की गई है।

1.52 पार्क में जिन विषयो व अवधारणाओं का प्रदर्शन किया जाएगा वह निम्नलिखित हैं'–

1 कार्य नमूने, वास्वविक संचालन उपकरणों, चार्ट और पोस्टर का उल्लेख ही नहीं बल्कि ऊर्जा दक्षता और नवीनीकरणीय ऊर्जा के लाभ व सिद्वान्तों की व्याख्या।

2 बुनियादी सुविधाओं और सिद्वान्तों को सीखने हेतु बच्चों के लिए हस्त प्रयोगात्मक सेट।

3 सौर ऊर्जा फुव्वारें, उद्यान रोशनी और सौर वाहन इत्यादि।

4 हरे रंग की इमारत पर ऊर्जा दक्ष आन्तरिक प्रदर्शन।

5 निर्माताओं के अपने उत्पादों को बचेने व प्रदर्शित करने के लिए समर्पित कोने।

ऊर्जा लेखा परीक्षा

1.53 कार्यक्रम का लक्ष्य वाणिज्यिक क्षेत्र (कार्यालय भवनों, होटलों, शॅपिगं मालों) के विशिष्ट उपभोक्ता हैं हालांकि, आवासीय और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए भी पेशकश की जा सकती है।

1.54 यह कार्यक्रम ऊर्जा दक्षता की लागत में सुधार के अवसरों के उद्देश्य से है और इसमें सभी उपयोगकर्त्ता शामिल हैं।

1.55 यह एक पायलट लेखापरीक्षा कार्यक्रम विशिष्ठ उपभोक्ता अनुभाग में चयनित इमारतों को लक्षित कर रहा है। इसमें होटल/मोटल, शॅपिगं माल और सरकारी इमारतें शामिल हैं। लेखापरीक्षा की सिफारिशों से वित्त पोषण का एक तंत्र स्थापित करना और ऊर्जा दक्षता पर लागत के प्रभावी अवसरों की पहचान करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।

1.56 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन गतिविधियों पर 781.0 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है।

8 नाबार्ड

1.57 11वीं पंचवर्षीय योजना में वर्ष 2007–08 के दौरान दो करोड़ रुपये के प्रावधान से इन कार्यों को योजना के अर्न्तगत पूरा कर लिया गया है।

9 ए.पी.डी.आर.पी.

1.58 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ए.पी.डी.आर.पी. के अर्न्तगत विभिन्न गतिविधियों को पूरा करने के लिए 10.36 करोड़ रुपये प्रदान किए गए तथा कार्य प्रगति पर है।

10 11 के.वी. स्वचालन वितरण प्रणाली

1.59 द.ह.बि.वि.नि. गुड़गांव तथा फरीदाबाद शहरी क्षेत्र में अपनी पूरी वितरण प्रणाली के स्वचालन की योजना बनाई गई है। तदनुसार, यह परियोजना दक्षिण हरियाणा वितरण उन्नयन परियोजना' शीर्षक पर शुरु की गई है। परियोजना के अर्न्तगत निम्नलिखित उद्देश्य है :–

क) बिजली की आपूर्ति में सुधार करने की विश्वसनीयता।

ख) इस क्षेत्र के 11 के.वी. नेटवर्क संचालन, पर्यवेक्षी नियंत्रण, स्वचालन वितरण नेटवर्क की निगरानी तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति क्रम से सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नियंत्रण और संचार उपकरण प्रदान किए गए।

ग) उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति के निर्धारित घंटों में हुई कमी का कारण बिजली की मांग का बढ़ना है।

1.60 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन गतिविधियों पर 160.19 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है।

11 <u>स्वचालन वितरण प्रणाली–आगामी मीटरिंग</u>

वित्तीय वर्ष 2008–09 में शहरी औद्योगिक उपभोक्ताओं को आगामी उच्च प्रौद्योगिकी मीटरिगं उच्च मूल्य पर प्रदान करने के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस संबंध में प्रीपेड मीटरिंगं कनैक्शन/डिस्कनैक्शन सुविधाओं को अनुरुपता से लागू करना और स्वचालित मीटर रीडिंग (ए.एम.आर) सुविधाओं के साथ मीटर की स्थापना करना शामिल है। इस गतिविधि के तहत, गुड़गांव, हिसार और फरीदाबाद जिलों में घरेलू व गैर–घरेलू लगभग 1,50,000 मीटरों की स्थापना की योजना का कार्यान्यवन किया। इसके अतिरिक्त निगम का कृषि नलकूप उपभोक्ताओं के लिए आगामी मीटर ए.एम.आर और उन्नत संचार सुविधाओं के साथ वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित करने का प्रस्ताव है।

1.62 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन गतिविधियों पर 196.97 करोड़ रुपये निवेश की योजना को प्रस्तावित किया गया है।

12 <u>33/.433 के.वी. प्रणाली प्रदान करना।</u>

1.63 सी.ई.ए. ने 33/433 स्तर परिवर्तन के लिए दिशा निर्देश जारी किए और इसको निगम कुछ ही क्षेत्रों में उपलब्ध कराने का इरादा रखता है। 33 के.वी.स्तर को एल.टी. (.433 के.वी.) भार केन्द्र के नजदीक प्रत्यक्ष रुपानान्तरण शामिल होगा। इससे 33 के.वी. स्तर कम करके सब–ट्रांसमिशन और निरंतर होने वाले घाटे को कम कर प्रणाली की दक्षता में सुधार होगा।

1.64 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन गतिविधियों पर 8.69 करोड़ रुपये निवेश की योजना को प्रस्तावित किया गया है।

13 <u>उपभोक्ता सेवा केन्द्र</u>

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकार क्षेत्र के अर्न्तगत सभी जिला मुख्यालयों में उपभोक्ता सेवा केन्द्रों की स्थापना का निर्णय लिया गया है। जिससे उपभोक्ताओं की बिलिंग मीटरिगं नए कनैक्शन सम्बन्धी शिकायतों का निवारण किया जाएगा। उपभोक्ता आधार को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जिला मुख्यालयों फरीदाबाद में चार, गुड़गांव में दो और नूह, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़,हिसार और फतेहबाद प्रत्येक में एक कुल 13 उपभोक्ता सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। हिसार में स्थापित उपभोक्ता सेवा केन्द्र प्रक्रिया स्थिर पूर्णतया चालू हो गया है। अब

फरीदाबाद गुड़गांव, भिवानी, सिरसा में उपभोक्ता सेवा केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, शेष स्थानों पर उपभोक्ता सेवा केन्द्रों का कार्य बाद में शुरु किया जाएगा।

1.66 एक नीति के रुप में सभी उपमण्डलों को पूर्ण कम्पयूटरीकरण करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत, प्रथम चरण में, सभी 37 शहरी उपमण्डलों के लिए 17 कम्पयूटरीकृत उपभोक्ता सेवा केन्द्रों में पुर्नगठित किया जा रहा है। पहला कम्पयूटरीकृत उपभोक्ता सेवा केन्द्र, उपमण्डल हिसार में पूरा हो चुका है और 6 कम्पयूटरीकृत उपभोक्ता सेवा केन्द्रों का उपमण्डल गुड़गांव में 15 मई, 2008 तक परिचालन किया जाना है।

1.67 11वीं पंचवर्षीय योजना के अर्न्तगत 3413.60 करोड़ रुपए के कुल निवेश की योजना प्रदान की गई है।

14 <u>ए.टी.एण्ड.सी हानियों को कम करने और नुकसान से बाहर आने के उपायः–</u>

1.68 बिजली उपयोगिता की वित्तीय स्थिति बिजली की आपूर्ति के समुचित उपयोग पर निर्भर करती है। उदाहरणतः प्रणाली में न्यूनतम वितरण नुकसान के साथ मूल्याकंन कर बिलिंग वसूली पर निर्भर करता है।

1.69 विद्युत उपयोगिता की वित्तिय स्थिति अच्छी बनाए रखने के लिए ए.टी.एण्ड.सी. हानियों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने का निर्णय लिया गया था (समुचित प्रसारण और वाणिज्यिक घाटे)

1.70 ए.टी.एण्ड.सी. हानियों को कम करने और नियमित निगरानी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ए.टी.एण्ड.सी. हानियों के लिए वित्तीय वर्ष 2007–08 से 2011–12 तक का निर्धारित लक्ष्य नीचे दिया गया है।

<u>सारणी–3 ए.टी.एण्ड सी. हानियों में कमी का लक्ष्य (2011–12 तक)</u>

ए.टी.एण्ड सी. हानियों में कमी का लक्ष्य (2011–12 तक)	
वित्तीय वर्ष	ए.टी. एण्ड सी. हानियों के लिए निर्धारित लक्ष्य
2007–08	30 प्रतिशत
2008–09	28 प्रतिशत
2009–10	24 प्रतिशत
2010–11	20 प्रतिशत
2011–12	16 प्रतिशत

1.71 द.ह.बि.वि.नि. द्वारा ए.टी.एण्ड.सी. हानियों को कम करने के लिए उठाएगए कदम निम्नलिखित है :–

क) गांवों में एच.वी.डी.एस. प्रणाली प्रदान करके (प्रति मण्डल दस गांव)।

ख) घरेलू व अन्य उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर परिसर से बाहर खंभे पर बाक्स के अन्दर लगाकर ।

ग) बिजली की चोरी में कटौती।

घ) एच.टी. औद्योगिक श्रेणी के मीटरों और मीटरिगं उपकरणों को दरवाजे के पास लगाकर।

ड) मीटरों की व्यापक सील।

च) कुंडी कनैक्शनो का नियमितीकरण।

छ) अतिभारित प्रणाली पर वितरक ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। अतिभारित एवं लम्बे फीडरों का द्विभाजन/त्रिभाजन किया जा रहा है। ग्रामीण घरेलू भार एवं कृषि भार को भी अलग–अलग कर दिया गया है।

3.52 ग्रामीण विकास मंत्रालय (भूमि स्रोत विभाग), जी.ओ.आई. ने **दिनांक 31–10–2007 को राष्ट्रीय पुनर्वास तथा प्रतिस्थापन नीति, 2007** अधिसूचित की।

राष्ट्रीय पुनर्वास तथा प्रतिस्थापन नीति, 2007 के उद्देश्य निम्न प्रकार है :।

ए) विस्थापन कम करना तथा जहां तक सम्भव हो सके, गैर–विस्थापन या कम से कम विस्थापित करने वाले विकल्पों को बढ़ावा देना

बी) पर्याप्त पुनर्वास पैकेज तथा प्रभावित परिवारों की सक्रिय भागीदारी के साथ पुनर्वास प्रक्रिया के अविलम्ब क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना

सी) समाज के कमजोर वर्गो, विशेषत : अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के सदस्यों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतना तथा कन्सर्न व अति संवेदनशीलता के साथ उनके उपचार के लिए राज्य भर पर उ ारदायित्व सुनिश्चित करना

डी) प्रभावित परिवारों के लिए जीवनयापन आय की व्यवस्था करने के लिए संगठित प्रयास करना तथा जीवन निर्वाह के लिए अच्छे मानदंड की व्यवस्था करना

ई) विकास आयोजन तथा क्रियान्वयन प्रक्रिया में पुनर्वास प्रतिष्ठानों को जोड़ना तथा

एफ) जहां भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापन होता है, वहां पारम्परिक सहयोग के माध्यम से प्रभावित परिवारों तथा मांग करने वाले निकाय के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध की सुविधा प्रदान करना।

3.47 **राष्ट्रीय पुनर्वास तथा प्रतिस्थापन नीति, 2007 की धारा 7 के अनुसार प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास तथा प्रतिस्थापन के लाभ।**

पुनर्वास और प्रतिस्थापन के लाभ अनुच्छेद 6.1 के अन्तर्गत घोषणा के प्रकाशन की तिथि को प्रभावित परिवारों, जो योग्य हों, के लिए बढ़ाए जाएंगे तथा उक्त तिथि के बाद परिवार में किसी प्रकार की परिसंपा ियों के विभाजन को खाते में नहीं लिया जा सकेगा।

- कोई भी परिवार जिसका अपना घर अधिग्रहण या नष्ट हो गया हो उसको अधिग्रहण हुए मकान के बराबर के क्षेत्र के मकान का प्लाट मुफ्त नियतन किया गया है परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में 250 मीटर भूमि से अधिक नहीं या 150 मीटर से अधिक शहरी क्षेत्र में नहीं दी जाएगी। न्यूक्लीयर परिवार के लिए जैसा भी मामला हो। बशर्ते कि, शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक को इसके स्थान पर 100 मीटर के कार्पेट एरिया का मकान प्रदान किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो बहुमंजिलीय कम्पलैक्स में पेशकश की जा सकती है।
- प्रत्येक गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवार जो वासभूमि के बगैर रह रहे हो तथा जो प्रभावित क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष से लगातार रह रहे हों तथा ऐसे क्षेत्र से उनको जबरत हटाया गया हो, वे ग्रामीण क्षेत्र में 100 मीटर के कार्पेट क्षेत्र के मकान और शहरी क्षेत्र में 50 मीटर वाले मकान के लिए हकदार होंगे। जो भी पेशकश की गई हो जहां बहुमंजिलीय भवनों वाले कम्पलैक्स में जहां पुनर्वास किया जाने का जैसा भी मामला हो। बशर्ते कि कोई भी ऐसा प्रभावित परिवार पेशकश किए गए आवास को नहीं लेता तो उसको मकान निर्माण के लिए जो भारत सरकार द्वारा निर्मित मकान की निर्धारित की गई लागत के बराबर एकमुश्त धन सहायता दी जाएगी।
- कोई ऐसा प्रभावित परिवार जिसकी अपनी कृषि भूमि प्रभावित क्षेत्र के लिए अधिग्रहण कर ली गई है या हानि हुई है उनको यानि प्रभावित परिवास खातेदार (एस.) के नाम कृषि भूमि या ऊपजाऊ भूमि जितनी वास्तव में अधिग्रहण की गई है, के बराबर नियतन की जाएगी बशर्ते कि एक एकड़ नहरी भूमि या दो एकड़ गैर नहरी भूमि का अनऊपजाऊ बेकार भूमि दी जाएगी यदि सरकार के पास पुनर्वास क्षेत्र में भूमि उपलब्ध हो। प्रभावित परिवार को जिसकी इस कारण से भूमि की हानि हुई है चाहे वो मार्जिनल किसान के स्तर से भी कम हो, को लाभ दिया जाएगा।
- सिंचाई या जलीय परियोजना के मामले में प्रभावित परिवार को परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में भूमि प्रदान करने की प्राथमिकता दी जाएगी जहां तक सम्भव हो सके प्रभावित परिवारों को जो इकट्ठा रहना चाहते हों को उपयुक्त इकट्ठी भूमि या प्लाट पर्याप्त आकार का प्लाट नियतन किया जाएगा। यदि कोई परिवार भूमि लेना चाहता है उसको जिसकी भूमि की हानि हुई है को उपयुक्त भूमि के मूल्य के बराबर की धन राशि दे दी जाए ताकि वो उचित भूमि जहां चाहे ले सके।
- सिंचाई या जलीय परियोजना के मामले में प्रभावित परिवार को परियोजना के कमाण्ड एरिया में उचित रास्ते पर भूमि प्रदान करने के लिए राज्य सरकार उपयुक्त योजनाएं बना सकती है कि ऐसी परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्र में उपलब्ध हो या उपलब्ध कराई जा सकती है।

- सिंचाई या जलीय परियोजना के मामले में प्रभावित को सरोवर में मछली पकड़ने का अधिकार दिया जाएगा यदि प्रभावित क्षेत्र में उन द्वारा इस अधिकार का आनन्द लेना हो।
- अन्य मामलों में भी, प्रभावित परिवारों को निम्न कारण से विशेष रूप से मछली पकड़ने का अधिकार दिया जाएगा, यदि प्रभावित क्षेत्र में उनके द्वारा ऐसे अधिकारों का फायदा लिया गया था, (बी) अन्य मामलों में भी, प्रभावित परिवारों को निम्न कारण से विशेष रूप से मछली पकड़ने का अधिकार दिया जाएगा।
- आवश्यक निकाय के नाम या अभिग्रहण की जाने वाली भूमि परियोजना में शामिल करने के मामले में नियतन की भूमि या मकान का पंजीकरण मुफ्त किया जाएगा ऐसा खर्च आवश्यक निकाय द्वारा वहन किया जाएगा।
- इस नीति के अन्तर्गत प्रभावित परिवार को नियतन की गई भूमि/मकान सभी प्रभारों से मुक्त होगी/होगा।
- इस नीति के अन्तर्गत प्रभावित परिवार को नियतन की गई भूमि या मकान पति या पत्नी दोनों के नाम किया जा सकता है।
- प्रभावित परिवार के प्रत्येक खातेदार को अभिग्रहण की गई भूमि के स्थान पर नियतन की गई बेकार या डीग्रेड भूमि के स्थान पर एक बार इसको सरकार द्वारा निर्धारित की जाने वाली धन सहायता प्रदान की जा सकती है परन्तु भूमि के विकास के लिए ये राशि 15000/– रूपये प्रति एकड़ से कम नहीं हो।
- प्रभावित परिवार के प्रत्येक खातेदार को अभिग्रहण की गई भूमि के स्थान पर नियतन की गई कृषि भूमि के स्थान पर एक बार इसको सरकार द्वारा निर्धारित की जाने वाली धन सहायता प्रदान की जा सकती है परन्तु भूमि के विकास के लिए ये राशि 10000/– रूपये प्रति एकड़ से कम नहीं हो।
- प्रभावित परिवार जिनके पास पशु हों उनको स्थान से हटाने के लिए और **पशुओं का शैड बनाने** के लिए एक बार इसको सरकार द्वारा निर्धारित की जाने वाली धन सहायता प्रदान की जा सकती है परन्तु भूमि के विकास के लिए ये राशि **15000/– रूपये प्रति एकड़ से कम न हो।**
- प्रभावित परिवार को उसके स्थान से उठाने के लिए एक बार इसको सरकार द्वारा निर्धारित की जाने वाली धनराशि प्रदान की जा सकती है परन्तु भवन/शैड निर्माण के लिए ये राशि 10000/– रूपये से कम न हो।
- प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति **ग्रामीण कारीगर हो जैसे छोटा व्यापारी या स्वयं रोजगार प्राप्त व्यक्ति** को उसके स्थान से हटाने के बदले में सरकार द्वारा निर्धारित की जाने वाली

धन सहायता प्रदान की जा सकती है परन्तु वर्किंग शैड या दुकान के निर्माण के लिए यह राशि 25000/– रूपये से कम न हो।

- एक आवश्यक निकाय के नाम पर परियोजना के लिए अभिग्रहण की गई भूमि के मामले में :

(ए) प्रभावित परिवारों को आवश्यकता रखने वाले निकाय वरीयता देगा–प्रति परिवार से एक व्यक्ति को परियोजना में रोजगार प्रदान करेगा बशर्ते कि रिक्तियां उपलब्ध हों तथा प्रभावित व्यक्ति रोजगार के योग्य हो।

(बी) आवश्यकता रखने वाले निकाय जब भी आवश्यकता होगी प्रभावित व्यक्तियों के प्रतिरक्षण का प्रबन्ध कर सकता है ताकि योग्य व्यक्ति को उसके उपयुक्त कार्य दिया जा सके।

(सी) आवश्यकता रखने वाले निकाय प्रभावित परिवारों के योग्य व्यक्तियों को स्कॉलरशिप तथा अन्य अवसर प्रदान करेगा जिनके लिए मानदण्ड सरकार द्वारा निश्चित किए जाएंगे।

(डी) आवश्यकता रखने वाले निकाय प्रभावित परिवारों या उनके ग्रुपों सहकारिताओं के रूप में ठेके या शॉप नियतन की जा सकती है या प्रोजैक्ट स्थल के चारों तरफ अन्य आय कमाने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे।

(ई) आवश्यकता रखने वाले निकाय प्रभावित परिवारों को प्रोजैक्ट के निर्माण करने के दौरान भूमि हीन श्रमिकों को श्रम प्रदान कर सकती है।

- प्रभावित व्यक्तियों को उनकी योग्यता अनुसार तकनीकी या व्यवसायिक स्वयं रोजगार करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

- **प्रोजैक्ट के नाम पर आवश्यकता रखने वाले निकाय के नाम पर अभिग्रहण की गई भूमि वाले प्रभावित परिवार जिनको कृषि भूमि प्रदान न की गई हो या रोजगार नहीं दिया गया हो उसको पुनर्वास धन सहायता के रूप में 750 दिनों तक कम से कम कृषि मेहनताना या सरकार द्वारा निश्चित की गई इससे अधिक राशि प्रदान की जाएगी।**

बशर्ते कि आवश्यकता रखने वाले निकाय जो एक प्राधिकृत कम्पनी के रूप में शेयर/डिबेंचर जारी करने के लिए ऐसे प्रभावित परिवारों को उनकी पुनर्वास धन सहायता की राशि का 20 प्रतिशत शेयर या डिबेंचर के रूप में प्रदान करेगी। बशर्ते कि भविष्य में सरकार इसको पुनर्वास धन सहायता राशि का 50 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है।

<u>भूमि मालिकों की भूमि अभिग्रहण करने के लिए हरियाणा सरकार की पुनर्वास तथा पुनः बसाने की नीति।</u>

3.48 भूमि मालिकों की भूमि अभिग्रहण करने के लिए हरियाणा सरकार की पुनर्वास तथा पुनः बसाने की नीति को हरियाणा सरकार के गजट अधिसूचना नं. 5451–आर..

–बी–2007/13258 दिनांक ––12–2007 के तहत दिनांक 18–12–2007 को प्रकाशित की गई।

3.49 नीति में मुख्य प्रावधान निम्न प्रकार से है :–

वार्षिकी

(ए) भूमि मालिकों को ली गई भूमि की क्षतिपूर्ति के लिए 33 वर्ष तक या इससे अधिक वार्षिकी दी जाएगी। वार्षिकी राशि प्रति एकड़ 15000/– प्रति वर्ष होगी।

(बी) प्रत्येक वर्ष 15000/– रूपये की वार्षिकी में 500/– रूपये और बढ़ाये जाएंगे।

(सी) विशेष आर्थिक क्षेत्र/टेक्नॉलोजी नगर, टेक्नॉलोजी पार्कों को स्थापित करने के लिए भूमि अभिग्रहण की गई भूमि के सम्बन्ध में पुनर्वास तथा पुनः बसाने के पैकेज के अतिरिक्त औद्योगिक तथा वाणिज्यिक विभाग के पत्र संख्या 49/48/2006–41बी.आई., दिनांक 4 मई, 2006 के तहत भूमि मालिकों को ली गई भूमि की क्षतिपूर्ति के लिए 33 वर्ष तक या इससे अधिक वार्षिकी दी जाएगी। वार्षिकी राशि प्रति एकड़ 30000/– रूपये प्रति वर्ष होगी। प्रत्येक वर्ष इस वार्षिकी में 1000/– और बढ़ाये जाएंगे।

(डी) रक्षा उद्देश्यों के लिए भूमि अधिग्रहण को छोड़कर, वार्षिकी देने की नीति सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण की जाने वाले सभी मामलों में लागू होगी।

अध्याय–4

सामाजिक हक का फ्रेमवर्क

4.1 उपरोक्त दिए गए संविधानात्क डायरेक्टिव राष्ट्रीय आर.आर. नीति, राज्य आर.आर. नीति तर्कसंगत नीतियों से भोगाधिकारात्मक सामाजिक हक के अधिकारी फ्रेमवर्क लागू करना। द.ह.बि.वि.नि.लि. प्रभावित तथा उठाये गये परिवारों के पुनर्वास तथा पुनः स्थापना एवं भूमि अभिग्रहण की गतिविधियों फ्रेमवर्क के मार्गदर्शन के अनुसार करता है। परियोजना द्वारा प्रभावित या प्रतिकूल प्रभाव वाले परिवारों को हम तालिका–12 में दिया गया हैं।

तलिका 11 द.ह.बि.वि.नि.लि. के सामाजिक इन्टाइटलमैंट फ्रेमवर्क

फ्रम. संख्या	मुद्दे/पहलू की किस्म	लाभ भोगी	हकदार (इन्टाइटलमैंट)
1.भूमि की हानि			
ए)	वैध टाइटल या कस्टोमरी या लाभप्रद अधिकार के साथ वासभूमि (होमस्टीड)	शीर्षक धारक	1. भूमि एक्ट 1894 के अनुसार नकद क्षतिपूर्ति। 2. खरीदी गई भूमि के सबूत के अनुसार एक वर्ष के अन्दर–अन्दर क्षतिपूर्ति राशि की अधिकता के लिए वैकल्पिक भूमि के क्रय के लिए वास्तविक पंजीकरण प्रभार। 3. भूमि के मालिक को प्रयोगात्मक भूमि की क्षतिपूर्ति के रूप में 33 वर्ष के लिए वार्षिक क्षतिपूर्ति दी जाएगी। प्रोराटा के आधार पर वार्षिक क्षतिपूर्ति की राशि 15,000/– रूपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष दी जाएगी। राज्य सरकारी की नीति के अनुसार वार्षिक क्षतिपूर्ति के 15,000 रूपए की राशि में 500/– रूपए प्रत्येक वर्ष की बढ़ोतरी की जाएगी।
	अति संवेदनशील व्यक्ति	शीर्षक धारक	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त प्रोराटा आधार पर एक वार 5000/– रूपए प्रति एकड़ अतिरिक्त क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे।
		शीर्षक धारक	
बी)	कृषि भूमि		
(।)	वैध शीर्षक सहित	शीर्षक धारक	भूमि एक्ट 1894 के अनुसार नकद क्षतिपूर्ति। खरीदी गई भूमि के सबूत के अनुसार एक वर्ष के अन्दर–अन्दर क्षतिपूर्ति राशि की अधिकता के लिए वैकल्पिक भूमि के क्रय के लिए वास्तविक पंजीकरण प्रभार।

			भूमि के मालिक को प्रयोगात्मक भूमि की क्षतिपूर्ति के रूप में 33 वर्ष के लिए वार्षिक क्षतिपूर्ति दी जाएगी। प्रोराटा के आधार पर वार्षिक क्षतिपूर्ति की राशि 15,000/– रूपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष दी जाएगी। राज्य सरकारी की नीति के अनुसार वार्षिक क्षतिपूर्ति के 15,000 रूपए की राशि में 500/– रूपए प्रत्येक वर्ष की बढ़ोतरी की जाएगी।
	अति संवेदनशील व्यक्ति	शीर्षक धारक	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त प्रोराटा आधार पर एक वार 5000/– रूपए प्रति एकड़ अतिरिक्त क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे।
(।।)	वणिज्यिक तथा अन्य स्थापनाओं सहित टेनेंटस शेयर फ्रोपरस पट्टे धारक।	टेनेंसी शेयर क्रोपिंग/लीजिंग के सबूत सहित व्यक्तिगत।	समय अवधि के अन्दर–अन्दर टेनेंसी/शेयर क्रोपिंग/लीज अवधि के लिए प्रतिपूर्ति। नोट :– यह राशि भूमि मालिकों को क्षतिपूर्ति देय योग्य राशि से काट ली जाएगी।
	अति संवेदनशील व्यक्ति	शीर्षक धारक	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त प्रोराटा आधार पर एक वार 5000/– रूपए प्रति एकड़ अतिरिक्त क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे।
(।।।)	एन्क्रोचर/स्क्वेटर	कब्जाधारी	विभिन्न सरकारी स्कीमों में इन्क्यूजन के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।
2.	निर्मित ढ़ांचे की हानि	निर्मित ढ़ांचे का मालिक	1. हरियाणा पी.डब्लयू.डी. की दरों के अनुसार क्षतिपूर्ति 2. परिवार को, भवन से सम्बन्धित समान को तथा पशुओं आदि का शिफ्ट करने के लिए एक वार 10,000/– रूपये की वि ीय सहायता। गिराये गये ढ़ांचे में से जो उचित सामान समझे प्रभावित परिवार को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।
	अति संवेदनशील व्यक्ति	निर्मित ढ़ांचे का मालिक	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त प्रोराटा आधार पर एक वार 5000/– रूपए प्रति एकड़ अतिरिक्त क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे।
(।।)	टेनेंट/पट्टा धारक (जिसने ढांचा निर्मित किया हो)	टेनेंसी/ लीजिंग के सबूत के साथ व्यक्तिगत/ पार्टी	।. हरियाणा पी.डब्लयू.डी. की दरों के अनुसार क्षतिपूर्ति ।।. परिवार को, भवन से सम्बन्धित सामान को तथा पशुओं आदि को शिफ्ट करने के लिए एक

			वार 10,000/– रूपये की वि ीय सहायता। ।।।.गिराये गये ढ़ांचे में से जो उचित सामान समझे प्रभावित परिवार को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी। 4. समय अवधि के अन्दर–अन्दर टेनेंसी/शेयर क्रोपिंग/लीज अवधि के लिए प्रतिपूर्ति। नोट :– यह राशि भूमि मालिकों को क्षतिपूर्ति देय योग्य राशि से काट ली जाएगी।
(।।।)	अति संवेदनशील व्यक्ति (ढांचा निर्माणक ार्ी)	टेनेंसी/लीजिंग के सबूत के साथ व्यक्तिगत/पार्टी	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त प्रोराटा आधार पर एक वार 5000/– रूपए प्रति एकड़ अतिरिक्त क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे।
	अति संवेदनशील व्यक्ति (जिसने ढांचे का निर्माण नहीं किया)	टेनेंसी/लीजिंग के सबूत के साथ व्यक्तिगत/पार्टी	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त 2000/– रूपये की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।
(4)	स्क्वेटर	स्क्वेटर	।. हरियाणा पी.डब्लयू.डी. की दरों के अनुसार क्षतिपूर्ति ।।. परिवार को, भवन से सम्बन्धित सामान को तथा पशुओं आदि का शिफ्ट करने के लिए एक वार 10,000/– रूपये की वि ीय सहायता। ।।।. गिराये गये ढ़ांचे में से जो उचित सामान समझे प्रभावित परिवार को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।
(5)	पशुओं के लिए शैड	मालिक/परिवार	पशुओं के लिए शैड को पुनःनिर्मित करने के लिए 15,000/– रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में नकट दिए जाएंगे।
	अति संवेदनशील व्यक्ति	मालिक/परिवार	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त परिवार प्रमुख को 1000/– रूपये की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।
(6)	वर्कशाप शेड	मालिक/परिवार	वर्कशाप शैड को पुनः निर्मित करने के लिए 25,000/– रूपए की नकद क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।
	अति संवेदनशील व्यक्ति	मालिक/परिवार	उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त परिवार प्रमुख को 2000/– रूपये की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।
3.	जीवनयापन की हानि		
।)	वेतन/स्वयं रोजगार (कृषि तथा गैर–कृषि दोनों)	प्रत्येक वयस्क आयधारी सदस्य (पुरूष तथा महिला)	स्वयं रोजगार के लिए राज्य सरकार की विभिन्न स्कीमों में दी जाने वाली सहायता के लिए सहायता प्रदान

			करना।
4.	खड़ी फसलों/वृक्षों की हानि		
I)	ए) फसलें बी) वृक्ष	कल्टीवेटर शीर्षक धारक	भूमि एक्ट के अनुसार फसलें/वृक्षों की कुल हानि के लिए क्षतिपूर्ति की अन्य श्रेणी।
5.	सामान्य सम्पि स्रोत (सी.पी.आर.) तथा सुविधाओं के लिए हानि का निर्धारण		
	ए) ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सामान्य सम्पि बी) ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं		समुदायिक स्रोतों के समान तथा सुविधाएं या कार्यरत समानताएं को सुनिश्चित करने के लिए नागरकि सुविधा/सी.पी.आरज. का बदलना।
6.	होस्ट समुदायों की हानियां	समुदाय	ए.एफज. के दबाव को सुनिश्चित करने के लिए होस्ट समुदायों के स्रोतों की वृद्धि
I)	सी.पी.आर. एवं सुख सुविधा	समुदाय	प्रभावित परिवारों के अधिक दबाव के होस्ट समुदायों के स्रोतों मे वृद्धि
7.	पंचायत भूमि	ग्राम पंचायत	राज्य सरकार की नीति के अनुसार क्षतिपूर्ति।
8.	न पहचाने गये प्रभावित परिवारों की सम्पि की हानि से सम्बन्धित अन्य घटक।	प्रभावित परिवार	ई.एस.पी.पी. के प्रावधानों एवं समस्त नियमों में प्रस्तावित की गई पूरे किए जाने वाले स्रोतों के न देखे गए घटकों को भी देखा जाना चाहिए।

नोट :– अति संवेदनशील व्यक्ति का मतलब है गरीबी रेखा से नीचे के स्तर, विधवा, शारीरिक रूप से विकलांग एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति।

ए) <u>हक के लिए विभिन्न प्रावधान</u>

4.1 स्क्वेटर तथा एन्क्रोचर के मामले में वे हक के लिए योग्य बन सकते हैं यदि उपरोक्त दी गई तालिका के अनुसार वह (स्त्री या पुरूष) कट ऑफ तिथि से पहले कम से कम एक वर्ष तक संवैधानिक रूप से रह रहा हो और उसके पास इसकी पुष्टि गवाही के लिए दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, वोटर कार्ड या पहचान–पत्र, बिजली के बिल की अदायगी की रसीद आदि हों। विभिन्न सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत ए.एफ.एस. को कवरिंग करने के लिए प्रावधान के मामले में द.ह.बि.वि.नि.लि. उन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित योग्यता मापदंड पर निर्भर रहते हुए विभिन्न चालू योजनाओं के अन्तर्गत शामिल करने का प्रतयेक प्रयास करेगा। वेसलाईन सर्वेक्षण के दौरान, उपरोक्त तालिका में उल्लेख किए गए विभिन्न श्रेणियों के अतिरिक्त,ए.एफ.एस. की कोई अन्य श्रेणी की पहचान होती है तो उपयुक्तता के आधार पर मामला दर मामला हकदारी प्रस्ताव दिया जाएगा।

4.2 कृषि भूमि के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण के बाद भूमि मालिक के पास एक एकड़ या कुछ कम भूमि बचनी चाहिए शेष बची सारी भूमि अभिग्रहण कर ली जाएगी बशर्ते

कि ऐसी भूमि पिछले दो साल के दौरान कम से कम एक फसल के लिए कृषि उत्पादन के लिए उपयोग की गई हो।

बी) **<u>भूमि अभिग्रहण अधिनियम के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति की अदायगी के प्रावधान।</u>**

4.3 भूमि अभिग्रहण के अन्तर्गत अभिग्रहण की जाने वाली भूमि का मूल्यांकन करने के लिए सम्बन्धित मण्डलीय आयुक्त की अध्यक्षता के अन्तर्गत हरियाणा में एक समिति गठित की गई है जिसमें सम्बन्धित मण्डलीय आयुक्त अध्यक्ष तथा उपायुक्त सदस्य सचिव, सम्बन्धित लाभभोगी विभाग के प्रतिनिधित्व के रूप में जिला राजस्व अधिकारी सदस्य के रूप में होंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक किसानों का भी समिति में सहयोग लिया जा सकता है। उक्त समिति द्वारा निर्धारित की गई दर से 15 प्रतिशत अधिक बढ़ोतरी करने के लिए या दस लाख रूपये जो भी कम हो, देने के लिए भूमि अधिग्रहण क्लेक्टर भी सक्षम है। वह भूमि अभिग्रहण अधिनियम एक्ट 1894 की धारा ।। (।) के अनुसार राज्य सरकार की अनुमति के साथ और अधिक बढ़ा सकता है। मूल्यांकन ट्रांजेक्शन के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न भूमियों की अलग–अलग दर से बचने के लिए सरकार कृषि भूमि के बाजार से कम दर से बचने के लिए न्यूनतम भूमि दर निश्चित करती है। ये दर भूमि को अन्तिम रूप देने का आधार बनाई जाएगी।

4.4 फसल की हानि के मामले में भूमि अभिग्रहण एक्ट के अनुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी। फसल की हुई क्षति की मात्रा का निर्धारण प्रति एकड़ यार्ड आंकड़ों की संचय द्वारा तथा जिस तहसीलदार/राजस्व अधिकारी के क्षेत्र में फसल की हुई क्षति के बराबर धन राशि सम्बन्धित क्षेत्र सचिव, मार्केट कमेटी से दर/मात्रा लेने के द्वारा गणन की जाएगी। वृक्ष की क्षति के मामले में इसकी कीमत सम्बन्धित क्षेत्र के वन अधिकारी के कार्यालय से मूल्यांकन करवाई जाएगी। यह वृक्ष की आयु तथा किस्म पर निर्भर करते हुए मूल्यांकन की जाएगी।

सी) **<u>परिभाषाएं :</u>**

विभिन्न भाषाओं के उद्देश्य के लिए निम्नलिखित को प्रयोग किया जाता है :–

परियोजना द्वारा प्रभावित परिवार : ए.एफ. (प्रभावित परिवार) की परिभाषा में परियोजनाओं गतिविधियों के कारण वे व्यक्ति आते हैं जिनकी भूमि की हानि, जीवन यापन, वासभूमि, ढांचा तथा स्रोतों को निर्धारण करने की हानि होती है।

अति संवेदनशील व्यक्ति : अति संवेदनशील वे व्यक्ति हैं जो औसत की अपेक्षा अति संवेदनशील हो तथा जो उसके स्थान से हटाने के दौरान आर्थिक तथा सामाजिक आधार पर पीड़ित हो। परियोजना के उद्देश्य के लिए, गरीबी रेखा से नीचे आने वाले

व्यक्ति, (हरियाणा सरकार की सूची के अनुसार) विधवा, शारीरिक रूप से विकलांग तथा एस.सी./एस.टी. अति संवेदनशील व्यक्ति माने जाएंगे।

अतिक्रमणकारी तथा आबादकार : जो व्यक्ति सरकारी भूमि को आवास या जीवन यापन के अतिक्रमण करते हैं। आगे आबादकारी व्यक्ति वे होते हैं जो सरकारी भूमि का आवासीय तथा वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए अतिक्रमण अपनी कृषि भूमि के साथ लगती भूमि का कृषि उद्देश्यों के लिए अतिक्रमण करते हैं।

डी) **बजट**

क्षतिपूर्ति की लागत सहित ई.आर.एण्ड आर. की कुल लागत मे स्थान से हटाने तथा पुनर्वास, सामाजिक निर्धारण, आयोजना, इम्पलीमेंटेशन, सुपरविजन मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन आदि को परियोजना लागत के सुनिश्चित करने के लिए भाग के रूप में सम्मिलित किया जाएगा ताकि नीति में दिए गए प्रावधान के अनुसार इ.आर.एण्ड आर. को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन लिया जा सके।

ई) **कट ऑफ डेट**

बगैर नाम लेख वालों के लिए कट ऑफ (दिनांक) तिथि सामाजिक आर्थिक परीक्षण के भाग के रूप में जनगणना सर्वेक्षण की गई तिथि होगी तथा लेख वालों के लिए यह एल.ए. अधीविचार के अन्तर्गत धारा 4(।) सूचना जारी करने की तिथि होगी।

एफ) **पब्लिक डिस्क्लोजर, परामर्श तथा भागीदारी**

पर्यावरणीय तथा सामाजिक प्रबन्ध दल (इ.एस.एम.टी.) पी.ए.पी. यजमान समुदायों, परियोजना स्टॉफ, सरकारी विभागों, एन.जी. ओ.एस. के प्राथमिक चरणों से परियोजना की निरन्तर आधार पर तैयारी, आर.ए.पी. तथ इ.एस.पी. को लागू करने तथा विकास करने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। परियाजनाओं का सामान्य वितरण अधिक सामाजिक तथा पर्यावरणीय प्रभाव उत्पन्न नही करता तथा परिणामस्वरूप जनता, एन. जी.ओ.ए. या अन्य सामाजिक संगठन द्वारा पर्यावरणीय मामलों के कारण विरोध नहीं होता। इसके बावजूद द.ह.बि.वि.नि.लि. यह समझता है कि पर्यावरणीय सम्भावित प्रभावों से जनता को सावधान करना आवश्यकता है। यद्यपि ये सूक्ष्म हो सकते हैं। इस कार्य के लिए यूनिटों द्वारा जनता अभियान का संगठन किया जायेगा तथा प्रभावी क्षेत्रों मे अन्य सामाजिक सक्रिय संगठनों तथा एन.जी.ओ.एस. द्वारा जनता सावधानी उत्पन्न की जाएगी। जनता सावधानी अभियानों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाये कि परियोजना तथा इसके सम्भावित पर्यावरणीय प्रभावों के विषय में केवल सही सूचना दी जाती है। जनता सुझावों को उचित महत्व दिया जाएगा तथा अच्छे सुझावों को पर्यावरणीय प्रबन्ध योजना एवं पुनर्वास कार्य जनता में उतारा जायेगा, वितरण लाईन के रूट चयन तथा उपकेन्द्र के स्थान चयन में ध्यान रखा जाएगा।

जनता सावधानी कार्यक्रम का प्रथम कदम विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम 1948 की धारा 29 के अनुसार स्थानीय समाचार–पत्र में जनता अधिसूचना छपवाना जिसमें प्रस्तावित परियोजना का विस्तृत विवरण दिया हो। यद्यपि इस अधिसूचना द्वारा जनता से आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। आपत्तियां अधिसूचना छपने की तिथि से 60 दिन के समय के अन्दर–अन्दर दर्ज करवाई जाती है। कार्यक्रम का अगला कदम बैठकें करना है तथा सर्वेक्षण अनुसंधान के दौरान जनता से विचार करना तथा विस्तृत सर्वेक्षण/टावर सपोटिंग के दौरान पुनः बात करना।

ई.एस.पी.पी. कागजों को अन्तिम रूप देने से पहले जनता से विस्तृत परामर्श समाचार पत्रों में सूचना जारी करके, परिमण्डल मुख्यालय पर ई.एस.पी.पी. प्रारूप उपलब्ध करके तथा निगम के वेबसाईट पर भी उपलब्ध करवाया गया था। जनता द्वारा प्रस्तुत टिप्पणियां/सुझावों को महत्व दिया गया तथा ई.एस.पी.पी. में उतारा गया था।

अध्याय–5

पर्यावरणीय तथा सामाजिक प्रबन्ध प्रक्रियाएं

5.1 द.ह.बि.वि.नि.लि. की पर्यावरणीय एवं सामाजिक (ई.एण्ड एस.) प्रबन्ध प्रक्रियाओं का विस्तृत विकास किया गया है तथा उनको अपनी परियोजना साईकल में यह सुनिश्चित करने के लिए डाला है कि इसका परिचालन पर्यावरण तथा सामाजिक प्रतिकूल प्रभाव को खत्म या कम करता है। ई. एण्ड एस. प्रबन्ध प्रक्रियाओं परियोजनाओं साईकल के प्रारम्भिक चरणों में प्रासंगिक मामलों की पहचान करती है तथा बचाव, कम करने तथा शान्त करने के विकसित ठोस मूल विचार का अनुकरण करती है।

5.2 द.ह.बि.वि.नि.लि. की पर्यावरण परियोजना साईकल परिचालनात्मक फ्रेमवर्क तथा पृष्ठभूमि का निर्माण करती है जिसके द्वारा पर्यावरणीय तथा सामाजिक मामले प्रस्तुत किए जाते हैं, द.ह.बि.वि.नि.लि. की सम्प्रेषण परियोजना की परियोजना प्रवृ ि (विचार) की मील पत्थर की कुंजी में योजना, स्वीकृति डिजाईन, (निविदाएं), टैडरिंग लागू करना तथा परिचालन अनुरक्षण शामिल हैं।

परियोजना विचार

5.3 परियोजना विचार के दौरान द.ह.बि.वि.नि.लि. परियोजना की पहचान करता है एक विद्युत प्रसारण परियोजना की पहचान क्षेत्र में मांग तथा आपूर्ति के आधार तथा नई विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के मध्य सम्बन्ध (लिंक) तथा पावर ग्रिड से राज्य का विद्युत कोटे की उपलब्धता से होती है। द.ह.बि.वि.नि.लि. आने वाली बिजली की मांग, विभिन्न सैक्टरों तथा क्षेत्रों की अग्रता, पर्यावरण तथा सामाजिक प्रभाव का निर्धारण, आर्थिक तथा वि ीय विश्लेषण तथा लागू होने वाली सम्भाव्य अनुसूची का अध्ययन करता है। सम्भाव्य अध्ययन के दौरान द.ह.बि.वि.नि.लि. एक सर्वेक्षण चित्र पर विभिन्न लाईन विकल्पों की परख तथा पहचान करता है जैसे कि प्रस्तावित सम्प्रेषण लाईन तथा उपकेन्द्रों के स्थानों के मध्य कम से कम अन्तर है। हर समय लाईन विकल्पों पर विचार करते समय द.ह.बि.वि.नि.लि. समाज के सूक्ष्मग्राही (पर्यावरणीय सहित) क्षेत्रों के बचाव की अपनी नीति को ध्यान में रखता है।

परियोजना की आयोजना

5.4 परियोजना के नियोजन के दौरान द.ह.बि.वि.नि.लि. अनुसंधान सर्वेक्षण करता है। सम्प्रेषण लाईन के पर्यावरणीय प्रभावों को सम्भाव्यता कम करने के लिए अनेक विकल्पों का अध्ययन किया जाता है रूट पंक्ति को प्राकृतिक स्रोतों के क्षेत्रों तथा वनों से पूर्ण रूप से बचाने का पर्याप्त ध्यान रखा जाता है, यदि सम्भव हो तो सूक्ष्म रूप से तिरछा (आड़ा) करने की अनुमति दी जाती है। योजना कार्य भी सुनिश्चित करता है कि रूट मानव निवास तथा सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों में शामिल नही ंहोता। नदी, पहाड़ी, रेलवे क्रांसिंग, विद्युत तथा टेलिफोन लाईन आदि गहन मामलों की क्षेत्रीय अधिकारी जांच

करते हैं तथा चित्र में उ ाम रूट को अन्तिम रूप दिए जाने पर द.ह.बि.वि.नि.लि. अपने क्षेत्रीय स्टॉफ के पर्यावरणीय तथा सामाजिक निर्धारण करेगा तथा पर्यावरण तथा सामाजिक निर्धारण रिपोर्ट तैयार करेगा। निर्धारण तथा प्रावधानों के आधार पर द.ह.बि. वि.नि.लि., ई.एस.पी.पी. के अन्तर्गत एफ.ई.एम.पी. (पर्यावरण प्रबन्ध योजना तथा पुनः स्थरीकरण कार्य योजना (आर.ए.पी.) का निर्माण ए.एफ.एस. के परामर्श से करेगा। द.ह. बि.वि.नि.लि. उपकेन्द्रों के लिए विभिन्न स्थानों पर विचार करता है। चयन प्रक्रिया के दौरान ऑकड़ों के आधार पर विभिन्न पैरामीटर के लिए विचार करते हुए प्रत्येक वैकल्पिक स्थान के लिए एक विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। वैकल्पिक स्थानों को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न पैरामीटरों का महत्व दिया जाएगा, जो प्राय विशेष स्थान हैं, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे पहुंच रोड़ख रेल शीर्ष आदि देय विचार किया जाता है भूमि की किस्म, सरकारी राजस्व, निजी,, कृषि पर्यावरण तथा सामाजिक प्रभाव जैसे प्रभावित परिवारों की संख्या, मुआवजे तथा पुनर्वास की लागत।

सम्प्रेषण रूटों को सैद्धान्तिक रूप से अंतिम रूप देना

5.5 द.ह.बि.वि.नि.लि. वन, एटलस, गांव का पूरा नक्शा तथा भारतीय सर्वेक्षण नक्शे को देखते हुए सम्प्रेषण प्रणाली के प्रारम्भिक रूटों का चयन करेगा। क्षेत्र की पूरी जांच के बाद रूट को अंतिम रूप दिया जाएगा। इससे वन की हानि तथा मानवीय विस्थापन को बचाने की पूरी कोशिश की जाएगी। द.ह.बि.वि.नि.लि. अपनी लाईनों का रूट ऐसे क्षेत्रों से बनाएगा जिसमें वन क्षेत्र निजी एवं जन दोनों की भूमि से बचने के लिए भरसक प्रयत्न करेगा। द.ह.बि.वि.नि.लि. बागों और पौधों को भी लाईनों के रूट से बचाने का प्रयत्न करेगा और वैकल्पिक रूट अपनाएगा। द.ह.बि.वि.नि.लि. वितरण लाईनों का रूट अपनाने के लिए निम्नलिखित रास्ते अपनाएगा।

1. रूट में कोई मानव पुनर्वास शामिल नहीं होता
2. रूट किसी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्मारक को प्रभावित नहीं करता
3. प्रस्तावित रूट किसी समुदाय के जीवन को खतरा नहीं पहुंचाता तथा
4. प्रस्तावित रूट किसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवा जैसे खेल का मैदान, स्कूल अन्य स्थापनाओं को प्रभावित नहीं करता।
5. लाईनों का रूट किसी भी पक्षी/जानवरों जैसे चिड़ियाघर/प्राकृतिक स्थल राष्ट्रीय पार्क या पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र आदि से नहीं बनाएगा।
6. निगम रूट को बनाने में आधुनिक एवं तकनीकी औजार जैसे जी.आई.एस., जी.पी.एस. का उपयोग करेगा। रूट को अंतिम रूप देने के बाद द.ह.बि.वि.नि.लि. पर्यावरणीय निर्धारण करेगा।

5.6 द.ह.बि.वि.नि.लि. के सम्बन्धित जे.ई. (सिविल) द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है। क्षेत्र का प्रयोगात्मक मार्ग जी.टी.सर्वेक्षाण शीट पर चिन्हित किया गया। प्राकृतिक क्षेत्र, वृक्षारोपण तथा ढ़ांचे आदि सावधानी बरती गई। ई.एम.पी. में निकट ाम वायु सेना स्टेशन, हवाई अड्डा, प्रतिबन्धित क्षेत्र उपलब्ध है। क्रोसिंग जैसे रेलवे क्रोसिंग उपलब्ध वितरण लाईनें, नदियां तथा राष्ट्रीय महामार्ग आदि का भी वितरण इसमें दिया गया है।

5.7 द.ह.बि.वि.नि.लि. उपकेन्द्रों के लिए विभिन्न स्थलों को अपनाएगा। प्रत्येक स्थल के लिए एक वैकल्पिक स्थल का चयन करने के लिए तुलनात्मक विश्लेषण विभिन्न पैरामीटरों को मानने के आधार पर करेगा। जहां खुला रास्ता व स्थल हो उसको वैकल्पिक स्थल के लिए प्राथमिकता देगा। ढ़ांचागत सुविधाओं की उपलब्धता को पूर्ण प्राथमिकता दी जाएगी जैसे रोड़, रेलवे लाईन आदि और सरकारी राजस्व, निजी तथा कृषि, पर्यावरण तथा सामाजिक घटकों को ध्यान में रखते हुए प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए क्षतिपूर्ति की लागत देगा।

क्षेत्रीय स्टॉफ के द्वारा विस्तृत रूप से सर्वेक्षण के बाद वितरण कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। तदानुसार परियोजना की पर्यावरण प्रबन्ध योजना तथा पुनर्वास कार्यवाही योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ–साथ डिजाईन तथा विशेषताओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। ई.एम.पी.के उपयुक्त भाग के लिए बोली दस्तावेजों का भाग बनाया जाएगा। इसके बाद कार्य कार्यान्वित करने के लिए ठेका देने के लिए प्रक्रिया पूरी की जाएगी तथा सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों की देख–रेख के अन्तर्गत कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

<u>परिचालन तथा अनुरक्षण</u>

5.8 द.ह.बि.वि.नि.लि. वितरण लाईनों तथा उपकेन्द्रों की निरन्तर निगरानी करता है लाईनों में कोई भी दोष पहचानने के लिए नियमित गश्त लगाई जाती है। लाईनों की निगरानी द.ह.बि.वि.नि.लि. के सम्बन्धित क्षेत्र कार्यालयों द्वारा की जाती है।

<u>परियोजना समीक्षा</u>

5.9 द.ह.बि.वि.नि.लि. का परिचालन स्टॉफ लाईनों तथा उपकेन्द्रों की प्रतिदिन के आधार पर समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर माासिक समीक्षा के लिए बैठकें की जाती है। विद्युत वितरण परियोजनाओं के निर्माण तथा तकनीकी, पर्यावरण तथा सामाजिक तत्वों की निगरानी की समीक्षा द.ह.बि.वि.नि.लि. के मुख्यालय पर की जाती है। परियोजना के सामाजिक तत्वों की वार्षिक समीक्षा द.ह.बि.वि.नि.लि. के ई.एस.एम. के द्वारा की जाती है।

वितरण निवेश कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दे

5.11 वितरण परियोजनाओं से सम्बन्धित सामाजिक मुद्दे मुख्यतः उपकेन्द्रों के स्थल के लिए मांगी गई भूमि से उठाए जाते हैं। वितरण टावरों के लिए अधिग्रहण की गई भूमि 30 से 100 वर्ग मीटर के बीच बदल जाती है। द.ह.बि.वि.नि.लि. किसी भी प्रकार के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए भूमि की धन राशि 33 के.वी. उपकेन्द्र के मामले में 2 से 4 एकड़ के बीच बदल जाएगी। वितरण लाईनो ंके मामलें में वर्तमान समय में भूमि पर अधिकार रखने वाले या अन्य स्रोतों को प्रयोग में लाने वाले व्यक्ति उगाई जाने वाली फसलों या वृक्षों की ऊंचाई व दूरी पर वितरण लाईनों के अन्तर्गत निश्चित पाबंदियों सहित भूमि का प्रयोग करते रहेंगे। भूमि अधिग्रहण के दौरान, यदि कोई जोत–क्षेत्र एक एकड़ से कम बनता है, तो द.ह.बि.वि.नि.लि. उस सम्पूर्ण जोत–क्षेत्र का अभिग्रहण कर लेगा तथा उसका पूरा मुआवजा देगा। ऐसे भूमिधारकों को भी शामिल किया जाएगा, जो प्रस्तावित हकदार पैकेज के अनतर्गत उनकी पात्रता पर निर्भर हो।

निर्माण तथा परिचालन के दौरान क्षति की अदायगी

5.12 द.ह.बि.वि.नि.लि. ने भूतकाल में अपनी विश्वसनीयता तथा रेलवे, हाईवे तथा अन्य क्रॉसिंग पर सुरक्षित टावर निर्माण की क्षमता दर्शाई है। द.ह.बि.वि.नि.लि. ने न बचाई जाने योग्य फसलों की कटाई के बाद निर्माण क्रिया करने की योजना बनाई है, द.ह. बि.वि.नि.लि. लोसिज के लिए पर्याप्त मुआवजा प्रदान करता है। बाजार की वर्तमान कीमत तथा क्षेत्र में औसतन उपज के आधार पर गांव के पटवारी के रिकॉर्ड के अनुसार निर्धारित फसल के लॉस का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

5.13 द.ह.बि.वि.नि.लि. की ई.एस.पी.पी. अपनी सभी सम्प्रेषण लाईन परियोजनाओं में जहां तक सम्भव हो किसी को उजड़ने से बचाव का प्रयास करते हैं। दूसरे शब्दों में द.ह. बि.वि.नि.लि. की सम्प्रेषण लाईन परियोजनाओं में अनैच्छिक प्रतिस्थापन नाम मात्र का है। द.ह.बि.वि.नि.लि. उपकेन्द्रों के लिए भूमि की आवश्यकता पर निर्भर करने वालों को कम से कम आर्थिक तकलीफ देने का प्रयास करता है। यदि किसी मामले में आर्थिक प्रतिस्थापन आवश्यक है, द.ह.बि.वि.नि.लि. भूमि प्राप्ति के कारण उठने वाले सामाजिक मामलों को अपने ई.एस.पी.पी. तथा हकदार फ्रेमवर्क द्वारा निपटाएगा। द.ह.बि.वि.नि.लि. भूमि तथा अचल सम्पि ा के मुआवजे का उचित मूल्यांकन नीति के अनुसार करेगा। द.ह.बि.वि.नि.लि. सीमान्त ग्रुपों के लिए उपयुक्त अवसरों की पहचान करेगा, जो स्थानीय समुदाय के साथ परामर्श में इसकी परियोजनाओं की क्रिया से उठे सामाजिक आर्थिक मामलों पर जो स्थानीय प्राधिकारी तथा जनता से बात तथा प्रोत्साहित आर.ए.पी. परामर्श निकाले गए होंगे।

5.14 स्थानीय समुदाय से परामर्श करना द.ह.बि.वि.नि.लि. की परियोजनाओं में शामिल होना सुनिश्चित करने का एक तरीका होगा। परामर्श प्रक्रिया परियोजना के प्रारम्भ से नियोजन, डिजाईन लागू होने तक जारी रहेगा। यह राज्य के अधिक लाभ के लिए परियोजना के महत्व को समझने में समुदाय की सहायता भी करेगा।

5.15 **<u>समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण</u>**

वितरण परियोजनाओं के प्रभावों (इम्पैक्ट) का निर्धारण जन गणना तथा आधारभूत सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षणों (वी.एस.इ.एस.) के माध्यम से किया जाएगा। बी.एस.इ.एस. भूमि के अभिग्रहण तथा अन्य अचल परिसम्पियों, विस्थापन का विस्तार, ए.एफ. द्वारा होने वाली हानियां, अति संवेदनशील समूहों की आवश्यकताएं, तथा अन्ततः कार्य योजना (आर.ए.पी.) को तैयार करने के लिए आधार प्रदान करने की विस्तार सीमा का निर्धारण करने में सहायता करेगी। जीवन्त मानकों के विस्तृत वितरण को अधिकार में लेने के लिए आधारभूत सामाजिक आार्थिक सर्वेक्षण के अनुसरण में संभाव्य सूचना (एफ.आर.) की तैयारी के बाद उपकेन्द्र के मामले में गणन सर्वेक्षण तुरंत संचालित किया जाएगा। वितरण लाईनों के मामले में एक लम्बा चौड़ा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया जाएगा बशर्ते कि सिविल ठेकेदार द्वारा क्रियान्वयन की अवधि के दौरान मालिक का नाम, भूमि की किस्म व वर्तमान प्रयोग तथा पीड़ित करने वाले नुकसान की विस्तार सीमा दर्ज की जाएगी।


परियोजना चक्र
पर्यावरण और सामाजिक प्रबन्धन प्रक्रिया
ई और जारी पहचान
परियोजना विचारीकरण
अभियंता विभाग से परियोजना विवरण
व्यवहार्यता के भाग के रूप में पर्यावरण
पर्यावरण और सामाजिक स्क्रीनिग और वितरण लाईनों के लिए प्रयोजन
आंतरिक मंजूरी
परियोजना प्लानिंग
आधारभूत संरचना हेतु विस्तृत सर्वेक्षण
विकल्प मार्ग अंतिमकरण
सब–स्टेशन साइट चयन विकल्प
पर्यावरण और सामाजिक स्क्रीनिंग और सब–स्टेशनों के लिए प्रयोजना
ई और मूल्यांकन
पर्यावरण मूल्याकंन और प्रबन्धन योजना
परियोजना स्वीकृति
वन हेतु एम.डी. ई.एफ.
जी.ओ.आई. एजेंसिया
फंडिग एंजेसिया
ई एण्ड एस प्रबन्धन
निविदा और विस्तृत डिजाइन
पर्यावरण प्रबन्धन कार्य हेतु विचारीकरण
सामाजिक मूल्याकंन और प्रबन्धन योजना (एस–ई सर्वेक्षण)
सामाजिक प्रबन्धन अनुबंध का अर्वाड
ई.ए.एम.पी. का कार्यान्वयन
रो मंजूरी
फसल/पेड़ मुआवजा
पब्लिक विचार–विमर्श
वनरोपण मुआवजा
परियोजना कार्यान्वयन
सामाजिक प्रबन्धन योजना का निष्पादन
भूमि अधिग्रहण और मुआवज
पब्लिक विचार–विमर्श
पुनर्वास सहायता
ई एण्ड एस योजना कार्यान्वयन
संचालन और रखरखाव
बाह्य 1 एम.एस. लेखापरीक्षा
वार्षिक समीक्षा
ई.ए.एम.पी. समीक्षा वार्षिक
एस.ए.एम.पी. वार्षिक समीक्षा

पुनर्वास कार्यवाही योजना :

5.16 जहां आवश्यक होगा, ई.एस.पी.पी. में उपलब्ध प्रावधानों तथा आधारभूत सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर परियोजना प्राधिकारियों द्वारा पहले से ही एक विस्तृत पुनर्वास कार्यवाही योजना बनाई जाएगी। प्रभावित परिवारों के साथ–साथ पीड़ित जनता को सांत्वना देने के लिए एक पुनर्वास कार्यवाही योजना बनाई जाएगी। प्रभावित जनसंख्या की हुई हानि को विशेष रूप से भुगतान किया जाएगा। पुनर्वास कार्यवाही योजना के निम्नलिखित मुख्य तत्व हैं:–

- प्रभावित परिवारों के आधारभूत सामाजिक घटक निर्धारण की कार्यवाही।
- पुनर्वास कम करने या बचाने के लिए किए गए प्रयास।
- प्रभावित परिवारों का विवरण तथा उनके पत्राचार पते।
- बजट अनुमान।
- लक्ष्य को पूरा करने के लिए तिथि समय–सारिणी।
- प्रबन्धों को लागू करना।
- प्रभावित परिवार की भागीदारी और निगरानी तथा प्रबन्धों का मूल्यांकन करने का विवरण।

वितरण निवेश कार्यक्रम के पर्यावरणी मुद्दे :

5.17 वायुयान अड्डा एवं वायुयान जोखिम :–

- निकट ाम वायु सेना केन्द्र से लाईन लगभग.....किलोमीटर है। वायु सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत न्यूनतम आवश्यक अन्तर किसी सीमा ढ़ांचे से अधिकतम ऊंचाई 30 मीटर सहित 15 किलोमीटर है जैसा कि स्थानीय वायु सेना प्राधिकारी चण्डीगढ़ के साथ विचार किया है।
- विदेशी जातियों का आक्रमण।
- प्रवासी पक्षी ।
- इ.एम.एफ. प्रभाव।
- सांस्कृतिक / ललित कला स्रोत।
- रन ऑफ तथा सेडिमेन्टेशन।
- वन भूमि तक पहुंच दूसरा विकास करना :–
- आर.ओ.डब्ल्यू.किसी वन भूमि या अन्य विकास की पहुंच में कोई परिवर्तन नही करती।
- टावरों के लिए पहुंच रोड :–
- सभी टावर स्थापनाओं पर पक्के रोड़ द्वारा पहुंचने योग्य जो छोटे कच्चे रास्ते से जुड़े है।

स्वीकृतियों का विवरण

5.17 यदि आर.ओ.डब्ल्यू. में वृक्ष काटने की किसी मामले में स्वीकृति की आवश्यकता होती है तो वह प्राप्त कर ली जाती है।

ई.एम.पी. के फोरमेट का एक नमूना अनुबन्ध–5 पर संलग्न है।

पर्यावरणीय प्रबन्ध योजना (ई.एम.पी.) प्रत्येक वितरण कार्य की अलग–अलग तैयार की जाएगी चाहे वितरण कार्य विभागीय रूप से कार्यान्वित किया जाए या टर्नकी के आधार पर।

5.18 इस समय द.ह.बि.वि.नि.लि. द्वारा अलग ओ.एण्ड एम. ठेकेदार नहीं लगाए जा रहे हैं। यद्यपि ओ.एण्ड एम. कार्य के लिए ठेकेदार लगाए जाते हैं तो ठेकेदार द्वारा ई.एस.पी. पी. के अनुसार सभी नियमों का पालन किया जाएगा। स्वीकृति की प्रक्रिया विस्तृत

रूप से अनुबन्ध–10 के रूप में दे दी गई है। वितरण परियोजना की अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत इ.एस.पी. के कारण लागत के रूप में लिया जाएगा।

5.19 प्रत्येक सम्प्रेषण कार्य के डिजाईन को अनितमरूप देने से पहले आवश्यक बाधाएं/आवश्यक स्वीकृतियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इन बाधाओं/स्वीकृतियों को निकाले गए निविदाओं में दर्शाया जाएगा।

5.20 संगठन की सुविधा अनुसार वृक्षारोपण का भाग बनाया जाएगा।

5.21 प्रतयेक वितरण प्रणाली की ई.एम.पी. की वार्षिक समीक्षा का पर्यावरण एवं सामाजिक प्रबन्ध ग्रुप द्वारा इसके बाद प्रबन्ध के अतिरिक्त अर्थात द.ह.बि.वि.नि.लि. के पूर्णकालिक निदेशकों द्वारा पुनः अवलोकन किया जाएगा।

5.22 ई.एस.पी.पी. कार्यान्वयन/गैर कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रशिक्षण मोडूल तैयार करेगा ताकि उनको विशिष्टियों में प्रावधान करने के योग्य बनाया जा सके तथा उचित समय पर आवश्यक कदम भी उठा सके। प्रारम्भ में कार्यान्वयन/गैर कार्यान्वयन को एन.पी.टी.आई/पी.जी.सी.आई.एल. द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा ताकि उनको ई.एस.पी.पी. तथ्यों को समझने योग्य बनाया जा सके, लागू करने के लिए उचित समय में आवश्यक कदम उठाए जा सके। इसके बाद, प्रशिक्षण द.ह.बि. वि.नि.लि. की प्रशिक्षण संस्थाओं में दिया जाएगा।

5.23 प्रत्येक ढ़ांचे पर जीवन को खतरा लिखी हुई प्लेट लगी होती है। प्रत्येक ढ़ांचे पर कांटेदार तार किसी चढ़ने के प्रयास से बचने के लिए दी जाएगी। सामान्य सुरक्षा स्वरूप जैसे कि निरन्तर अर्थ वायर, न चढ़ने योग्य बाड़ तथा दुर्घटना से बचने के विरूद्ध एच.टी. लाईनें।

33 के.वी. तथा अधिक के विद्युत उपकेन्द्रों तथा सम्बन्धित लाईन के लिए फ्लो चार्ट

नियोजन	⟺	• पहचान करना • अनुसंधान तथा प्राथमिक सर्वेक्षण • पर्यावरणीय एवं सामाजिक निर्धारण तथा प्रबन्ध नियोजन
परियोजना भावना/तकनीकी जांच	⟺	• सम्भावना अध्ययन • पर्यावरण एवं सामाजिक स्क्रिनिंग तथा स्कोपिंग • सिविल तथा विद्युतीय मुद्दों के दृष्टिकोण से भूमि की उपयुक्तता की जांच करना
परियोजना स्वीकृति	⟺	• उ ार हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड की स्वीकृति • धनराशि देने वाली एजेंसियों के साथ जोड़ना
विस्तृत डिजाईन एवं निविदाएं	⟺	• विस्तृत सर्वेक्षण • पर्यावरण एवं सामाजिक निर्धारण तथा प्रबन्ध नियोजन (ई.एम.पी.एवं आर.ए.पी.) • डिजाईन अनुमान तथा हिदायतों को अंतिम रूप देना • ठेका देने के लिए निविदा जारी करना

परियोजना लागू करना	⟺	• जांच सर्वेक्षण • टाईप परीक्षा यदि डिजाईन स्वीकृत करने के लिए कोई हो • उपकरण निरीक्षण • निरीक्षण चरण के साथ लाईन का इरेक्शन • निरीक्षण चरण के साथ उपकेन्द्र निर्माण • मापना • जांच तथा चालू करना • मुख्य अभियंता द्वारा स्वीकृति
परिचालन तथा अनुरक्षण	⟺	• उपकेन्द्र एवं सम्प्रेषण लाईन परिचालन • अवरोधात्मक अनुरक्षण
परियोजना पुनरीक्षण	⟺	• मासिक पुनरीक्षण • वार्षिक पुनरीक्षण

तलिका –12 33 के.वी. तथा अधिक के विद्युत उपकेन्द्र तथा सम्बन्धित लाईन के लिए परियोजना चक्र।

क्र.स.	मील पत्थर						आगे जारी है
1.	**नियोजन**	दो	दो	दो	छः	दस	
	ए. पहचान करना बी. अनुसंधान तथा प्राथमिक सर्वेक्षण सी. पर्यावरणीय एवं सामाजिक निर्धारण तथा प्रबन्ध नियोजना						
2.	**परियोजना विचार/तकनीकी जांच**						
	ए. सम्भावना अध्ययन बी. पर्यावरण एवं सामाजिक स्क्रिनिंग तथा स्कोपिंग सी. सिविल तथा विद्युतीय मुद्दों के दृष्टिकोण से भूमि की उपयुक्तता की जांच करना						
	परियोजना स्वीकृति						
	ए. ह.वि.प्र.नि.लि. की स्वीकृति बी. धन देने वाली एजेंसियों से जोड़ना						
4.	**विस्तृत डिजाईन तथा निविदा**						
	ए. विस्तृत सर्वेक्षण बी. पर्यावरण एवं सामाजिक निर्धारण तथा प्रबन्ध नियोजन (ई.एम.पी.एवं आर.ए.पी.) सी. डिजाईन अनुमान तथा हिदायतों को अंतिम रूप देना डी. ठेका देने के लिए निविदा जारी करना						
5.	**परियोजना लागू करना**						

	• जांच सर्वेक्षण • टाईप परीक्षा यदि डिजाईन स्वीकृत करने के लिए कोई हो • उपकरण निरीक्षण • निरीक्षण चरण के साथ लाईन का निर्माण • निरीक्षण चरण के साथ उपकेन्द्र निर्माण • मापना • जांच तथा चालू करना • मुख्य अभियंता द्वारा स्वीकृति						
6.	**परिचालन तथा अनुरक्षण**						
	ए. उपकेन्द्र एवं सम्प्रेषण लाईन परिचालन बी. अवरोधात्मक अनुरक्षण						
7.	**परियोजना समीक्षा**						
	• मासिक समीक्षा • वार्षिक समीक्षा						

5.24 द.ह.बि.वि.नि.लि. की जोखिम प्रबन्ध प्रक्रियाओं में जोखिम उठाने की तैयारी समाप्त करना तथा जिम्मेदारी मे हिस्सेदारी शामिल (आन्तरिक प्रबन्ध तथा बीमा द्वारा) जोखिम उत्पन्न होने की हालत में जिम्मेवारियों नीचे दी गई :–

तलिका –13

जोखिम	खिलाड़ियों का भाग लेना		
	उ.ह.बि.वि.नि.लि.	**ठेकेदार**	**बीमा करने वाले**
पालन न करना			
1. नियामक 2. ठेके से सम्बन्धित			
प्रमुख खतरा अर्थात निर्माण के दौरान टावर गिरना			
ओ.एण्ड.एम. के दौरान			
स्वास्थ्य आदि पर प्रभाव			
फोर्स मेजर			
1. बीमा योग्य 2. गैर–बीमा योग्य			
समुदाय/एन.जी.ओज. से सम्बन्धित समावेश तथा निषेध			
सार्वजनिक लाभ से शान्त करना			
इ.एस.एम.पी. का विलम्बित लागू करना			

अध्याय–6
संस्थागत ढ़ांचा

संगठनात्मक प्रबन्ध

ई.एस.पी.पी. को देखने और कार्यान्वयन के लिए द.ह.बि.वि.नि. लि. के तीन स्तरों पर संस्थागत निकाय हैं। ये क्रमशः मुख्यालय स्तर, क्षेत्रीय स्तर और मण्डल स्तर है।

मुख्यालय स्तर पर

6.1 ई.आर.एण्ड आर. समिति मुख्यालय में निदेशक तकनीकी की अध्यक्षता में गठित की गई है। इस समिति के अन्य सदस्य सम्बन्धित मुख्य अभियंता/टी.एस. तथा मुख्य अभियंता/पी.एण्ड डी., द.ह.बि.वि.नि.लि., पंचकूला तथा उप सचिव/परियोजना शामिल किए गए है। उपसचिव/परियोजना आर.आर. समिति के सदस्य सचिव होंगे।

6.2 **मण्डल सतर पर**

पर्यावरण तथा सामाजिक निगरानी समिति (ई.एस.म.सी.) सम्बन्धित मुख्य अभियंता टी. एस., अधीक्षक अभियंता/टी.एस., सम्बन्धित कार्यकारी अभियंता/टी.एस., भूमि अधिग्रहण अधिकारी तथा ए.एफ.एस. और ई.एस.एस.सी. के प्रभावित परिवारों के दो प्रतिनिधियों की गठित की जाएगी जो निदेशक तकनीकी, द.ह.बि.वि.नि.लि., पंचकूला को रिपोर्ट देगी।

6.3 **मण्डल स्तर पर**

उपरोक्त के अतिरिक्त स्थल से सम्बन्धित कार्यकारी अभियंता/टी.एस. तथा एस.एस.ई./एस.डी.ओ./निर्माण की पर्यावरण तथा सामाजिक कार्यान्वयन इकाई भी गठित की गई है। ई.आर.एण्ड आर., ई.एस.एम.सी. तथ ई.एस.आई.यू. के सम्मिलित किए गए कार्यो तक ही सीमित नहीं है।

(ए) ई.एस.पी.पी. कार्यक्रम के लागू करने में सम्मिलित विभिन्न एजेंसियां का ताल मेल।

(बी) ई.एस.पी.पी. योजनाओं के लागू करने की निगरानी तथा समीक्षा।

(सी) समस्याएं निपटान के कार्य करने वाला निकाय, तथा

(डी) प्रतिस्थापन और पुनर्वास योजनाओं के सुचारू रूप से लागू करने के लिए पूर्ण रूप से मार्गदर्शन देना तथा नेतृत्व प्रदान करना।

(ई) प्रतयेक दो वर्ष के बाद ई.एस.पी.पी. नीति की समीक्षा करना।

ई.एस.पी.पी. के प्रभावात्मक क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, द.ह.बि.वि.नि.लि. ने निम्नलिखित पर प्रकाश डाला है :–

1. ई.एस.पी.पी. को मजबूती से लागू करने के लिए की स्तर पर तुरंत रोजगार और उचित प्रशिक्षित कर्मिकों की तुरंत भर्ती कर रहा है।

2. विशेषज्ञ बाहरी एजेंसियों के साथ कार्य करने के द्वारा सदन में योग्यता को लागू करना।

3. आंतरिक या बाहरी एजेंसियों के माध्यम से ई.एस.पी.पी. की प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

भवन की क्षमता

ई.एस.पी.पी. को लागू करने के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण तथा विकास इसका एक अभिन्न अंग है। प्रारम्भ में एन.पी.टी.आई./पी.जी.जी.आई.एल. से कार्यकारी/गैर कार्यकारी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि उनको ठीक समय पर लागू करने के लिए ई. एस.पी.पी. के दस्तावेजों को समझने, आवश्यक उपाय करने के लिए योगय बनाना है। इसके बाद, प्रशिक्षण ह.बि.प्र.नि.लि. के प्रशिक्षण संस्थाओं में दिया जाएगा।

दोष निवारण यन्त्र रचना

6.4 आशा की जाती है कि सहायोग प्रक्रिया व अच्छी क्षतिपूर्ति तथा सहायक यन्त्र–रचना के माध्यम से परियोजना की स्वीकृति बढ़ाई जाएगी और शिकायतें कम की जाएगी। भूमि अभिग्रहण से सम्बन्धित मुद्दों के मामले में, एल.ए. अधिनियम प्रतिपूर्ति की दरों, अन्य सम्पा ियों तथा भूमि के प्रस्तावित अभिग्रहण आदि के लिए आपा ि जताने पर ए.एफ. के लिए एल.ए. प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर उचित प्रावधानों की व्यवस्था करता है। एल.एल. अधिनियम विरोध के अनतर्गत मुआवजा प्राप्त करने के लिए प्रभावित व्यक्ति को अनुमति भी प्रदान करता है तथा फिर मामले को निपटान के लिए अदालत को भेजता है। यद्यपि, मण्डल स्तर पर एक इ.आर. एवं आर. निगरानी समिति शिकायतों को सुनेगी तथा उनका हल निकालेगी। यदि जोन स्तर पर कष्ट का निवारण नहीं होता है, तो प्रभावित व्यक्ति कार्पोरेट स्तर पर पर्यावरण आर. एण्ड आर. समिति को अपील कर सकता है। वह (स्त्री या पुरूष) आगे अदालत में अपील कर सकता है यदि उसके दोष का निवारण मंडलीय या कार्पोरेट स्तर पर नहीं किया जाता है।

मुख्यालय स्तर पर ई.आर.एण्ड आर. उच्चाधिकार प्राप्त समिति
निदेशक/तकनीकी
अध्यक्ष

मुख्य अभियंता/परिचालन सम्बन्धित सदस्य	मुख्य अभियंता/ पी. एण्ड डी.	कार्यकारी अभियंता/परियोजना सदस्य सचिव

क्षेत्रीय स्तर पर पर्यावरण सामाजिक प्रबन्ध समिति (ई.एस.एम.सी.)
मुख्य अभियंता/परिचालन सम्बन्धित

अध्यक्ष

अधीक्षक अभियंता / परिचालन– निर्माण	कार्यकारी अभियंता / परिचालन–निर्माण	भूमि अभिग्रहण अधिकारी	ए.एफ. के दो प्रतिनिधि

मण्डल स्तर पर पर्यावरण सामाजिक कार्यान्वयन समिति (ई.एस.आई.यू.)

सम्बन्धित कार्यकारी अभियंता / निर्माण तथा परिचालन	सम्बन्धित एस.डी.ओ. / परिचालन–निर्माण

सारांश की सूची अर्थ

क्र. सं.	सारांश	अर्थ
1.	ए.डी.बी.	एशियन डेवलपमैंट बैंक
2.	बी.ओ.डी.	बोर्ड ऑफ डायरेक्टरज
3.	सी.सी.ई.ए.	कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनामिक अफेयर्स
4.	सी.ई.ए.	सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी
5.	डी.एफ.ओ.	डिवीजनल फॉररेस्ट ऑफिसर
6.	ई.ए.	एनवायरनमैंटल एसेसमैंट
7.	ई.एम.एम.पी.	एनवायरनमैंटल एसेसमैंट एण्ड मैनेजमैंट प्लान
8.	ई.एच.वी.	एक्सट्रा हाई वोल्टेज
9.	ई.एम.पी.	एनवायरनमैंटल मैंनेजमैंट प्लान
10.	ई.एस.एम.सी.	एनवायरनमैंटल एण्ड सोशल मैंनेजमैंट कमेटी
11.	ई.आर.एण्ड आर.सी.	एनवायरनमैंटल रिऑबिलिटेशन एण्ड रिसैटलमैंट कमेटी
12.	ई.एस.आई.यू.	एनवायरनमैंटल एण्ड सोशल इम्प्लीमेंटेशन यूनिट
13.	ई.एस.पी.पी.	एनवायरनमैंटल एण्ड सोशल पोलिसी प्रोसिजर
14.	एफ.ए.	फण्डिंग एजेंसी
15.	एफ.पी.	फॉरेस्ट प्रपोजल
16.	एफ.आर.	फिजीबिलिटी रिपोर्ट
17.	आई.पी.डी.सी.	इन्डीनिअस पिपल डिवेलोपमेंट प्लान
18.	आई.एस.ओ.	इन्टरनेशलन स्टैण्डर्ड ऑर्गेनाईजेशन
19.	जे.बी.आई.सी.	जापान बैंक फॉर इन्टरनेशनल ऑर्गेनाईजेशन
20.	के.वी.	किलो वॉटस
21.	एल.ए.ए.	लैण्ड एक्यूजीशन एसेसमैंट
22.	एम.ओ.ई.एफ.	मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमैंट एण्ड फोरेस्ट
23.	एन.ओ.	नोडल ऑफिसर
24.	ओ.डी.	ऑपरेशनल डायरेक्टिव
25.	ओ.पी.	ऑप्रेशन पोलिसी
26.	ओ.एम.	ऑपेरशन मैनुअल
27.	ओ.एस.एस.	ऑर्गेनाईजेशन सपोर्ट सिस्टम
28.	ए.एफ.	एफैक्टेड फैमिली
29.	पी.ए.एफ.	प्रोजेक्ट एफैक्टेड फैमिली
30.	पी.आई.बी.	पब्लिक इन्वेस्टमैंट बोर्ड
31.	आर.एण्ड आर.	रिसैटलमैंट एण्ड रिऑबिलिटेशन
32.	आर.ए.पी.	रिऑबिलिटेशन एक्शन प्लान
33.	आर.ई.बी.	रिजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड

34.	आर.एच.क्यूं	रिजनल हैडक्वार्टर
35.	आर.ओ.डब्ल्यू.	राइट ऑफ वे
36.	एस.ए.	सोसियल एसेसमैंट
37.	एस.ए.एम.पी.	सोसियल एसेसमैंट एण्ड मैनेजमेंट प्लान
38.	एस.ई.बी.	स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड
39.	डब्ल्यू.बी.	वर्ल्ड बैंक
40.	डब्ल्यू.एच.ओ.	वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाईजेशन

अनुबन्ध–1

बिजली (आपूर्ति) अधिनियम, 1948

बिजली (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा–42

